दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 245 जयपुर, मंगलवार, 13 अगस्त, 2024 । श्रावण, शुक्ल पक्ष-अष्टमी , विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



### मदन राठौड़ बोले- हम पार्टी के सिपाही



# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने की 'सच बेधड़क' के तेवर और आउटपुट की सराहना

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ सोमवार को "सच बेधड़क" मीडिया समूह के कार्यालय पहुंचे। मीडिया समूह के फाउंडर एवं ग्रुप एडिटर विनायक शर्मा और मैनेजिंग एडिटर दशरथ सिंह ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। समूह चेयरमैन विनायक शर्मा ने उन्हें न्यूज चैनल, अखबार और डिजिटल विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। राठौड़ ने समूह के 'बेधड़क अंदाज', तेवर और आउटपुट की सराहना की।



### पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी जी जान से पूरी करेंगे

इस मौके पर उन्होंने सच बेधड़क से बात करते हुए ने कहा कि कोई भी जिम्मेदारी छोटी या बड़ी नहीं होती, हम पार्टी के सिपाही हैं और जो भी जिम्मेदारी हमे मिलती है, उसे हम दिलोजान से पूरी करते हैं। उपचुनाव को लेकर मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने समाज में भ्रम पैदा करने का प्रयास किया है, अब ये भ्रम चलने वाला नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों को जनता अपना सहयोग देगी।

### विनायक शर्मा के संघर्ष को सराहा

"सच बेधड़क" मीडिया समूह को लेकर राठौड़ ने कहा कि बहुत कम समय में इस मीडिया ग्रुप ने जनता के दिलों में अपनी जगह बनाई है। उन्होंने सबसे युवा और ऊर्जावान मीडिया संस्थान संस्थापक के रूप में विनायक शर्मा की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि विनायक शर्मा ने जीवन में बहुत संघर्ष किया है, उसके बाद आज यह खरे सोने की तरह सबके सामने है, विनायक हीरा है जो बहुत आगे बढ़ेंगे और तरक्की करेंगे यह उम्मीद है। और संस्थान के प्रयासों को सराहा और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### आफत की बरसात: 24 घंटों में 23 लोगों की मौत

# सवाईमाधोपुर में बांध टूटा... सात जिलों में बाढ़ के हालात

■ जयपुर में बिगड़े हालात, 5 जिलों में मंगलवार को स्कूलों में अवकाश

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में गुजरे कई दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। जयपुर समेत सात जिलों धौलपुर, करौली, भरतपुर, दौसा, टोंक, सवाई माधोपुर में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बीते 24 घंटों में बूंदी के नैनवां व टोंक के दूनी व माशी टैंक में अतिभारी बरसात हुई है। सवाई माधोपुर में बांध टूटने से कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। टोंक में जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे पर दो फीट पानी भर गया है। भारी बारिश के चलते जयपुर, कोटा, करौली, धौलपुर और दौसा के स्कूलों में मंगलवार को छुट्टी घोषित कर दी गई है।



### रेलवे ट्रैक पानी में डूबे

जयपुर में सुबह से लगातार हो रही तेज बारिश से सड़कें और रेलवे ट्रैक पानी में डूब गए। जोरदार बारिश से द्रव्यवती नदी उफान पर है। स्टेट हाईवे-दो पर छादेल में ढूंढ नदी की रपट पर पानी तेज गति से बह रहा है। गलता कुंड में दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। सवाई माधोपुर जिले में मोरेल नदी उफान पर होने के चलते सड़क मार्ग बाधित है। वहीं, दूसरी ओर बौंली उपखंड में बांध की पाल टूटने से आसपास के इलाके जलमग्न हो गए और घरों में पानी भर गया। बौंली उपखंड में हिंदूपुरा गांव में सोमवार तड़के चार बजे बांध टूटने से आसपास के घरों में पानी भर गया। रणथंभौर में 100 से अधिक लोग फंसे हुए है। जिन्हें सुरक्षित निकालने के लिए सुबह से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन उत्तर-पूर्वी राजस्थान के ऊपर दो-तीन दिन से बना हुआ है। इसके अगले दो दिन और ऐसे ही बने रहने की संभावना है। लो-प्रेशर सिस्टम बनने से बादल बनने और बरसने की प्रक्रिया हो रही है।

### बीसलपुर में जलस्तर 312.37 मीटर

अच्छी बारिश के कारण बीसलपुर बांध में सोमवार शाम 6 बजे तक 312.37 मीटर पानी की आवक हो चुकी है। इसकी भराव क्षमता 550.165 एमक्यूएम है। त्रिवेणी नदी का जलस्तर अभी 2.70 मीटर चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार शाम तक बूंदी के नैनवां में 161, टोंक के दूनी में 170, माशी टैंक में 132 मिमी पानी बरसा। इसके अलावा, अलवर के मालाखेड़ा में 75, जयपुर के सांगानेर में 99, जयपुर ग्रामीण के माधोराजपुरा में 97, तूंगा में 85, खैरथल तिजारा के मंडावर में 65, टोंक के निवाई में 107, उनियारा में 73, नासिरदा में 70 मिलीमीटर बरसात हुई। करौली में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन गए हैं। प्रदेश में रविवार और सोमवार को बारिश से उपजे हालात के कारण 23 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 20 लोगों की डूबने से जान गई है, जबकि मकान गिरने से पिता-पुत्र की मौत हुई है।

-पेज 3 भी देखें


### सेना अधिनियम के कई मामले साबित

# पाकिस्तान में ISI के पूर्व चीफ ले. ज. फैज हामिद गिरफ्तार

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तानी सेना ने आईएसआई के पूर्व प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद को गिरफ्तार किया है। इमरान खान के शासनकाल में फैज हामिद को पाकिस्तान के सबसे ताकतवर लोगों में गिना जाता था। हालांकि, उनकी सरकार गिरते ही फैज हामिद के बुरे दिन शुरू हो गए।

एक वक्त ऐसा भी आया, जब फैज हामिद को रिटायरमेंट से पहले ही इस्तीफा देना पड़ा। इमरान खान अपने कार्यकाल के आखिरी दिनों में फैज हामिद को अगला सेना प्रमुख बनाना चाहते थे, लेकिन तत्कालीन



सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने इसका विरोध किया था और मुल्ला जनरल के नाम से मशहूर असीम मुनीर के नाम को आगे बढ़ाया। बाद में इमरान खान की सरकार गिर गई और उसके बाद प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे शहबाज शरीफ ने असीम मुनीर को सेना प्रमुख नियुक्त कर दिया था।

### फैज हामिद को इसलिए पकड़ा

पाक सेना के प्रॉपगैंडा विंग आईएसपीआर ने बयान में कहा है कि फैज हामिद की गिरफ्तारी सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए की गई है। फैज हामिद के खिलाफ शिकायतों का पता लगाने के लिए एक विस्तृत जांच की गई थी। हामिद पर सेना अधिनियम के प्रावधानों के तहत उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई हो रही है। सेना अधिनियम के कई मामले भी साबित हुए हैं। ऐसे में उनके खिलाफ कोर्ट मार्शल की कार्रवाई शुरू की गई है।

## 80 हजार की घूस लेते हेड कांस्टेबल गिरफ्तार




**नागौर**। एसीबी ने 80 हजार रुपए की रिश्वत के साथ हेड कांस्टेबल जालम सिंह को गिरफ्तार किया है। उसने परिवादी से 2 लाख रुपए मांगे थे, फिर एक लाख रुपए में सौदा तय हुआ था। फिर से रिश्वत की राशि लेते उसको दबोचा। नागौर एसीबी की टीम ने सदर थाने के हेड कांस्टेबल जालम सिंह को सोमवार देर शाम को परिवादी से 80 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

### एनआईआरएफ रैंकिंग जारी

# IIT मद्रास और IISc बेस्ट संस्थान व यूनिवर्सिटी... राजस्थान को निराशा

**बेधड़क** | दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के सोमवार को वर्ष 2024 की नेशनल इंस्टीट्यूटशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) रैंकिंग जारी कर दी। सरकार ने यूनिवर्सिटी, कॉलेज, शोध, मैनेजमेंट, मेडिकल, ओवरऑल, फार्मेसी, डेंटल, लॉ समेत कुल 17 कैटेगरीज में देश के टॉप शैक्षणिक संस्थानों की रैंकिंग घोषित की है।

देश के सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थानों की इस रैंकिंग में ओवरऑल कैटेगरी में आईआईटी मद्रास फिर से देश का बेस्ट संस्थान बना है। वहीं आईआईएससी, बेंगलुरु बेस्ट यूनिवर्सिटी व एम्स दिल्ली बेस्ट मेडिकल कॉलेज बने हैं। डीयू के हिंदू कॉलेज ने मिरांडा कॉलेज से देश के टॉप कॉलेज का ताज छीन लिया है। मिरांडा कॉलेज 7 सालों से एनआईआरएफ रैंकिंग में टॉप पर बना हुआ था।




### 3 नई कैटेगरी जोड़ी गई

इस वर्ष 3 नई कैटेगरी स्टेट यूनिवर्सिटी, स्किल यूनिवर्सिटी और ओपन यूनिवर्सिटी की कैटेगरी जोड़ी गई है। अगले साल से सस्टेनेबल कैटेगरी भी शामिल की जाएगी। इस वर्ष शिक्षा मंत्रालय को रैंकिंग में हिस्सा लेने के लिए 10885 आवेदन मिले थे।

### IIT मद्रास छठी बार टॉप

हर बार की तरह इस साल भी IIT मद्रास ने ओवरऑल कैटेगिरी में टॉप पोजिशन हासिल की है। यह छठी बार है जब IIT मद्रास को ओवरऑल कैटेगिरी में पहला स्थान मिला ।

### टॉप 10 में प्रदेश का कोई संस्थान नहीं

राजस्थान के कुछ शीर्ष विश्वविद्यालयों में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस और बनस्थली विद्यापीठ शामिल हैं। बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस ने नवीनतम एनआईआरएफ रैंकिंग में 23 वां स्थान हासिल किया है। बनस्थली विद्यापीठ ने नवीनतम एनआईआरएफ रैंकिंग में 61 वां स्थान हासिल किया है।

### ओवरऑल कैटेगरी में बेस्ट संस्थान

- आईआईटी मद्रास
- आईआईएससी बैंगलोर
- आईआईटी बॉम्बे
- आईआईटी दिल्ली
- आईआईटी कानपुर

### टॉप यूनिवर्सिटीज

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु
- जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी
- जामिया मिलिया इस्लामिया
- मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन

### बेस्ट इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट

- आईआईटी मद्रास
- आईआईटी दिल्ली
- आईआईटी बॉम्बे
- आईआईटी कानपुर
- आईआईटी खड़गपुर



**जरूरी खबर**

### रोहित गुर्जर को बनाया मंडल सह संयोजक



**जयपुर।** आजादी के 76वें अमृत महोत्सव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा जयपुर शहर द्वारा रोहित गुर्जर (चेची) को हर घर तिरंगा अभियान जौहरी बाजार मंडल भाजपा का सह-संयोजक नियुक्त किया है। चेची ने नियुक्ति होने पर भाजपा जिला अध्यक्ष राघव शर्मा, जिला संयोजक राजेश तांबी, सह-संयोजक कैलाश जटवाड़ा, मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा का आभार व्यक्त किया है। साथ ही मंडल संयोजक पार्षद घनश्याम टेपन, सह- संयोजक अक्षय यादव को भी नियुक्ति होने पर शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### पूर्व मंत्री नटवर सिंह का दिल्ली में अंतिम संस्कार



**जयपुर।** पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का सोमवार को नई दिल्ली के लोदी रोड के लोधी दाह संस्कार केंद्र में अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम संस्कार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर सहित विभिन्न नेताओं, परिजनों और शुभचिंतकों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि नटवर सिंह का लंबी बीमारी के बाद 10 अगस्त की रात को गुरुग्राम (हरियाणा) के मेदांता अस्पताल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था।

### डॉ. किरोड़ी ने दी अमृतलाल को श्रद्धांजलि



**जयपुर।** ग्रामीण विकास पंचायतीराज मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा सोमवार को सलूम्बर के लालपुरिया गांव पहुंचे। वहां उन्होंने दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारजनों को ढाढ़स बंधाया। डॉ. मीणा ने कहा कि दिवंगत विधायक आदिवासी समाज के हितों के लेकर सदैव तत्पर रहते थे। उनके सपनों को साकार किया जाएगा। इस दौरान पूर्व विधायक नाना लाल अहारी, ललित तलेसरा, नीरज अग्निहोत्री, रूपेश जैन, मिलिंद पालीवाल, रौनक राज सिंह सहित कई कार्यकर्ता साथ थे।

**राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की विशेष समीक्षा बैठक ली**

# 'पांच वर्ष में सभी विश्वविद्यालयों की नेक रैंकिंग हो सुनिश्चित'

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की नेक रैंकिंग के लिए 15 दिन में टीम बनाने, प्रति वर्ष 8 विश्वविद्यालयों की नेक रैंकिंग करवाने और 5 वर्ष में सभी विश्वविद्यालयों की नेक रैंकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।





उन्होंने राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में रिक्त पदों की जानकारी लेते हुए वहां रिक्त पदों को भरने की त्वरित कार्यवाही किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों में बौद्धिक क्षमता बढ़ाने और कॉपी मुक्त शिक्षण संस्थान स्थापित करने के लिए भी कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत राज्य के उद्योगों की मांग के अनुसार पाठ्यक्रम निर्मित कर युवाओं को दक्ष किए जाने पर जोर दिया।

उन्होंने तकनीकी शिक्षण संस्थानों की साख बढ़ाकर नामांकन वृद्धि के प्रयास किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा की शिक्षा में अनियमितता नहीं होनी चाहिए। निजी क्षेत्र में भी फर्जीवाड़ा नहीं होना चाहिए।

यह संदेश जाए कि सुधरो नहीं तो संस्थान बंद करवा दिया जाएगा। उन्होंने राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की नेक रैंकिंग के आवेदन के लिए वहां का सर्वे करवाकर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने इस संबंध में अभियान चलाकर प्रति वर्ष न्यूनतम 8 से 10 विश्वविद्यालयों की नेक रैंकिंग के लक्ष्य निर्धारित कर कार्यवाही करने का भी आह्वान किया। राज्यपाल बागडे सोमवार को राजभवन में उच्च, तकनीकी और संस्कृत शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उप मुख्यमंत्री और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी उपस्थित रहे।

बैठक में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के राज्य परिदृश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त पुखराज सेन और संस्कृत शिक्षा विभाग की सचिव डॉ. पूनम ने विभागीय प्रस्तुति दी। राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल ने उच्च, तकनीकी और संस्कृत शिक्षा से जुड़े महती विषयों के बारे में अवगत कराया।

### उच्च शिक्षा प्राप्त युवा होने चाहिए पेशेवर दक्ष

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का बौद्धिक स्तर बढ़ाने के लिए प्रयास हो। उन्होंने उच्च शिक्षा में गुणवत्ता वृद्धि के लिए प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कौशल शिक्षण के लिए विशेष प्रयास करने, महाविद्यालयों की संख्या वृद्धि के स्थान पर मौजूदा उच्च शिक्षण संस्थानों में गुवतापूर्ण शिक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता जताई। बागडे ने कहा कि नई शिक्षा नीति नौकरी के योग्य बनाने के स्थान पर नौकरी देने वाले युवा बनाने पर जोर हैं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त युवा पेशेवर दक्ष होने चाहिए। इसी से राष्ट्र की आय और संपति बढ़ेगी। उन्होंने उच्च माध्यमिक स्तर से एनसीसी के लिए बच्चों को प्रेरित करने और उच्च शिक्षा में इसके तहत विद्यार्थियों को अधिकाधिक जोड़े जाने पर जोर दिया ताकि सेना और अन्य रक्षा सेवाओं में युवा शक्ति का अधिकाधिक उपयोग हो सके।

**बांग्लादेश हिंसा पर बोले भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद मदन राठौड़**

# ' हिंदुओं का नरसंहार चिंतनीय अंतरराष्ट्रीय बिरादरी दें दखल'

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद मदन राठौड़ ने बांग्लादेश में हो रही हिंदुओं सहित वहां के अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की हत्याओं और उत्पीड़न पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राठौड़ ने कहा कि हाल ही की घटनाओं ने इस क्षेत्र में हिंदुओं के खिलाफ लक्षित हिंसा के नए और खतरनाक पैटर्न देखा गया है जो बेहद चिंताजनक है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के दखल की आवश्यकता जताई ताकि वहां लोकतंत्र की बहाली हो और कानून का राज स्थापित हो। इससे हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकें।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि मेहरपुर का इस्कॉन मंदिर हो या बांग्लादेश के कई हिंदू मंदिरों में तोड़फोड करना हो या निहत्थे और असहाय हिंदुओं की बर्बरता पूर्वक हत्या करनी हो या फिर अबला महिलाओं के साथ दुष्कर्म करना हो, इन सब घटनाओं का जिस प्रकार वीडियो बनाकर दंगाई जश्न मना रहे हैं, वह मानवता पर कलंक है।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं ने बार-बार उत्पीड़न झेला है, ऐसी घटनाएं राजनीतिक अस्थिरता के दौर में ओर बढ़ जाती है। वर्तमान दौर की घटनाएं 1971 के बांग्लादेश के गठन के उस दौर की याद दिलाती है, जब पाकिस्तानी शासन द्वारा 2.5 मिलियन हिंदुओं की हत्या कर दी गई थी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि जिस मांग को लेकर वहां आंदोलन हो रहा था, उसमें बतौर नागरिक हिंदू भी आंदोलनकारियों के साथ थे, परंतु सत्ता परिवर्तन के बाद जिस तरह हिंदू समाज को निशाना बनाया जा रहा है, उससे लगता है कि वो सिर्फ राजनीतिक आंदोलन नहीं, बल्कि मजहबी आधार पर हिंदुओं के नरसंहार की सोची-समझी साजिश का हिस्सा है।

### कांग्रेस का हाथ हिंदुओं और भारत के विरुद्ध करता है काम



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि बांग्लादेश के एक पत्रकार ने राहुल गांधी की बांग्लादेश के एक बड़े नेता के साथ गोपनीय बैठक करने की बात कहीं है। वह इस बात को इंगित करती है कि कांग्रेस और कांग्रेस के नेता देश की सुरक्षा तथा हिंदुओं के हितों की अपने लाभ के लिए बलि लेने को भी तैयार है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का चीनी दूतावास में जाकर ऐसे समय में चर्चा करना जब देश की सरहद पर भारत के जवान चीनी सेना के आमने सामने थे, वह घटना कोई भी राष्ट्रवादी भारतीय भूल नहीं सकता। उन्होंने कहा कि गाजा में इजराइल पर हमला करने वालों के खिलाफ इजराइल की कार्रवाई पर सवाल उठाने वाले कांग्रेस और कांग्रेस के पिछलग्गु दल हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा और महिलाओं के साथ हो रही बर्बरता पर मुंह खोलने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत में अल्पसंख्यकों को असीमित अधिकार देने के बावजूद उनके डर को उभारने में लगे रहे कांग्रेसी और इंडी गठबंधन के नेता आज मुंह में दही जमाए बैठे हैं। जब बांग्लादेश में न केवल हिंदुओं की जानमाल के दुश्मन बने हैं बल्कि सांस्कृतिक केंद्रों को तोड़कर भारत विरोधी माहौल बना रहे हैं। ऐसे लोगों के साथ लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की सांठगांठ ये साबित करती है कि कांग्रेस का हाथ हिंदुओं और भारत के विरुद्ध काम करता है।

## किरोड़ी का इस्तीफा स्वीकार नहीं, जल्द संभालेंगे काम

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सवाल पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पलटवार किया है। राठौड़ ने डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के इस्तीफे की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं हुआ है। जल्द ही मीणा काम पर लौटेंगे। इसके साथ राठौड़ ने प्रदेश में आई इस आपदा पर आमजन से सावधानी बरतने की अपील की। राठौड़ ने कहा कि डॉ.किरोड़ी लाल मीणा हमारे वरिष्ठ और अनुशासित कार्यकर्ता हैं। भावनाओं के चलते उन्होंने इस्तीफा दिया है, लेकिन उनके इस्तीफे को स्वीकार नहीं किया गया और स्वीकार करेंगे भी नहीं। उन्होंने कहा कि मीणा जल्द ही काम संभालेंगे।

मेरी किरोड़ी लाल मीणा से बातचीत हुई है। राठौड़ ने उम्मीद जताई कि किरोड़ी लाल जल्द साथ में जुड़ेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करने में मीणा कभी पीछे नहीं हटेंगे।

### उप चुनाव में 6 सीटों पर BJP की होगी जीत

राज्यसभा और विधानसभा उपचुनाव को लेकर राठौड़ ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के लिए हमारे पास बहुमत है। हम सफल होंगे। उपचुनाव में सभी 6 सीटों पर बीजेपी की जीत होगी। कांग्रेस ने जातिगत द्वेष फैलाने की कोशिश, लेकिन वो सफल नहीं होंगे। जनता समझ चुकी है। जनता कांग्रेस के बहकावे में अब नहीं आने वाली, जिस आरक्षण की बात कांग्रेस करती है, उसको लेकर अब साफ हो गया है कि बीजेपी आरक्षण और संविधान खत्म नहीं करेगी।

**डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड-2024**

## BJP अल्पसंख्यक मोर्चो ने युवा उद्यमियों को किया सम्मानित

**जयपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की ओर से अल्पसंख्यक समुदाय के स्टार्टअप योजना से जुड़े हुए युवा उद्यमियों को सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों के विख्यात 7 युवा स्टार्टअप उद्यमियों हुसैन खान, जावेद कागजी, एडवोकेट मुराद अली शेख, मोहम्मद कैफ, अयूब खान, रोहील खान, उस्मान खान चौहान को डॉ. कलाम स्टार्टअप राष्ट्र स्तरीय यूथ अवॉर्ड 2024 से नवाजा गया। इस दौरान युवा उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र भेंट कर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री और सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक जितेंद्र गोठवाल ने युवा उद्यमियों को सम्मानित किया। इस दौरान सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के वादे को धरातल पर यथार्थ रूप में जीवित करता है, वहीं भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड 2024 की प्रतियोगिता में राजस्थान प्रदेश के अल्पसंख्यक समुदाय के युवा उद्यमियों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाना निश्चित रूप से एक सकारात्मक पहल साबित होगी।





### सीएम ने किया अभिषेक



*जयपुर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव की विधिवत पूजा अर्चना की और सभी प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की।*

## केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल का सम्मान



**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी संभाग मुख्यालय में भाजपा देहात जिलाध्यक्ष जालम सिंह भाटी व शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अगुवाई में बीकानेर विकास प्राधिकरण बनने पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का सम्मान किया गया। दोनों जिलाध्यक्षों ने केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं की तरफ से आभार जताया। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संबोधन में कहा पहले कोटा को विकास प्राधिकरण बनाया गया तब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से दिल्ली में मुलाकात पर बीकानेर संभाग मुख्यालय को विकास प्राधिकरण बनाने की बात रखी। बजट घोषणा में मुख्यमंत्री ने हमारी बात का मान रखा। बीडीए की घोषणा की इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इच्छा शक्ति और बीकानेर शहर के दोनों जिलाध्यक्षों, मेयर, विधायक जेठानंद व्यास, सिद्धि कुमारी और सभी जनप्रतिनिधियों के प्रयास से आज बीकानेर को बीडीए की सौगात मिली है। इससे बीकानेर के विकास को पंख लगेंगे।

**आजादी के पर्व की तैयारी**

# वासुदेव देवनानी और दिया ने किया हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने अजमेर में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

विभिन्न मार्गों से होती हुई तिरंगा यात्रा का समापन रीजनल कॉलेज के सामने नई चौपाटी पर हुआ। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घर-घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की है। इस अद्भुत अभियान के माध्यम से सभी को जोड़ने का प्रयास किया गया है। देश का झंडा तिरंगा हमारी आन बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जिस तरह की परिस्थितियों हमारे पड़ोसी मुल्कों में बन रही है, इससे निश्चित रूप से यह स्पष्ट हो गया है कि देश के चारों ओर की रक्षा के लिए तैयार रहना है। इसके लिए सभी लोग एकजुट होकर देश की रक्षा का प्रण लें।

देवनानी ने कहा कि आज़ादी का माहौल बनाने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई है। देशभर में अभियान से यह आग्रह किया जा रहा है कि लोग अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लहराएं। हर भारतवासी के मन में गर्व होना चाहिए कि वह भारतीय है। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीयता की भावना से ओत प्रोत होने और बच्चों को आजादी के मायने समझने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गई है।





### स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े सेनानियों को किया याद



उपमुख्यमंत्री व अजमेर प्रभारी दिया कुमारी ने सोमवार को अजमेर प्रवास के दौरान हर घर तिरंगा अभियान के तहत महापुरुषों के स्मारकों की स्वच्छता व पुष्पांजलि के कार्यक्रम के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक पर दीनदयाल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। दिया कुमारी ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जाग्रत करना, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सद्भाव एवं स्वाधीनता के आंदोलन से जुड़े सेनानियों को याद करना है। तिरंगा देशवासियों की आन-बान और शान है। इसे हमें सदैव बरकरार रखना है। कांग्रेस ने हजारों-लाखों ऐसे मनीषियों-महापुरुषों के योगदान को भुला दिया, जिन्होंने भारत को अंग्रेजों से आजादी दिलाने के लिए अपना जीवन खपा दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार दीनदयाल उपाध्याय के मूल मंत्र अंत्योदय के भाव के साथ कार्य कर रही है हमारी सरकार का मुख्य लक्ष्य अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

### आजादी के लिए नौजवानों को देनी पड़ी प्राणों की आहुति: चौधरी

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि ये आजादी हमें ऐसे ही नहीं मिली। इस आजादी को पाने के लिए देश के हजारों नौजवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी और लाखों परिवारों ने अपना सुख-चैन त्याग कर योगदान दिया है। देशभक्ति से ओतप्रोत होकर देश की जनता ने दिन-रात एक करके अंग्रेजों के छक्के छुड़ाए और अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। उन्होंने देश व्यापी एक पेड़ मां के नाम अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा हमें इन पौधों के संरक्षण की भी जिम्मेदारी लेनी होगी। पौधरोपण से ही प्रकृति में संतुलन बनाए रखा जा सकता है हमें अपने आसपास के वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़ लगाने को अपना अनिवार्य दायित्व समझना होगा।

## भारी बारिश से 'जलमग्न' हुई राजधानी, भजनलाल शर्मा ने किया अतिवृष्टि वाले स्थानों का दौरा

# दिल्ली से लौटते ही दर्द बांटने बरखा पीड़ितों के बीच पहुंचे CM



■ द्रव्यवती नदी के जलभराव की ली जानकारी, सड़कों को दुरुस्त कराने के दिए निर्देश ■ अधिकारियों को दो टूक कहा- लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

बेधड़क | जयपुर


प्रदेश में हो रही लगातार तेज बारिश ने हाल बेहाल कर दिए है। राजधानी जयपुर में भी हालात बिगड़ गए है। तेज बारिश ने आमजनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित किया है। इसी बीच सोमवार देर शाम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजधानी में अतिवृष्टी वाले स्थानों का दौरा कर मौजूदा हालात को करीब से देखा।

हालांकि, सीएम भजनलाल का पूर्व में दौरा प्रस्तावित नहीं था। इससे पहले वें दिल्ली दौरे पर रहे। वहां से लौटते ही सोमवार शाम को जयपुर शहर का लगभग तीन घंटे लगातार निरीक्षण कर बारिश से उत्पन्न स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सांगानेर, मानसरोवर, जगतपुरा एवं विधाधर नगर क्षेत्रों में जलभराव वाली जगहों, क्षतिग्रस्त सड़कों, गड्ढों, ड्रेनेज सिस्टम एवं सार्वजनिक प्रकाश से संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश प्रदान किए और संवेदनशीलता के साथ आमजन से संवाद भी किया। शर्मा ने मालवीय नगर स्थित अंडरपास का निरीक्षण किया और अधिकारियों को अंडरपास के लिए पुख्ता कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जवाहर सर्किल स्थित बस शेल्टर के क्षतिग्रस्त होने पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने बी-2 बायपास एवं महारानी फार्म क्षेत्र में द्रव्यवती नदी का सघन निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अग्रवाल फार्म में क्षतिग्रस्त सड़कों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। शर्मा ने चौमू पुलिया, ढ़ेहर का बालाजी, रोड नम्बर-9 एवं रोड नम्बर-14 पर जल भराव की समस्या पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जयपुर विकास प्राधिकरण के अभियंता क्षतिग्रस्त रोड एवं गड्ढों की तुरंत मरम्मत कराएं। उन्होंने कहा कि जिन कार्मिकों की वजह से सड़क क्षतिग्रस्त हुई है, उन पर कार्रवाई की जाए।









### आमजन से लिया फीडबैक

शर्मा ने सांगानेर क्षेत्र स्थित कल्याणपुरी कॉलोनी में आत्मीयता के साथ आमजन की समस्याएं सुनी। उन्होंने कॉलोनी की क्षतिग्रस्त सड़कों को सुधारने के निर्देश प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने सीकर रोड स्थित रोड नम्बर-9 पर पान की दुकान चलाने वाले महावीर सिंह से भी गड्ढों पर फीडबैक लिया और संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देशित किया। उन्होंने जिला कलक्टर को भारी बारिश से हुई समस्याओं पर बैठक करने तथा तुरंत एक्शन लेने के भी निर्देश दिए।

### ये रहे मुख्यमंत्री के साथ

शहर के अतिवृष्टि और जल भराव वाले इलाकों के दौरे और आमजन से मिलकर उनकी समस्याएं जानने के दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के साथ में विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा, जयपुर संभागीय आयुक्त डॉ. आरुषी अजेय मलिक, जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित, पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ, जयपुर नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रुक्मणि रियार सहित जयपुर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**कोलकाता में हुई घटना के विरोध में निकाला कैंडल मार्च**

## जयपुर में रेजिडेंट डॉक्टर्स आज हड़ताल पर

बेधड़क | जयपुर

कोलकाता में रेजिडेंट डॉक्टर के साथ हुई घटना के विरोध में जयपुर एसएमएस मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर मंगलवार को हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान ओपीडी, आईपीडी, ओटी सेवाएं प्रभावित रहेगी, हालांकि इमरजेंसी में आने वाले गंभीर मरीजों का इलाज किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर उनका ऑपरेशन भी किया जाएगा। जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट्स डॉक्टर्स के अध्यक्ष डॉ. मनोहर सियोल ने बताया कि जनरल बॉडी की मिटिंग में कलकता में हुई घटना की निंदा की और उसके विरोध में देर शाम को एसएमएस मेडिकल कॉलेज से त्रिमूर्ति सर्किल तक कैंडल मार्च निकाला। इससे पहले डॉक्टरों ने सोमवार को हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुए काम किया। उन्होंने बताया कि कलकता में जो घटना हुई वह निंदनीय है और उसके आरोपियों को फांसी की सजा मिले इसकी हम मांग करते हैं।



**ट्रैवल्स में इंदौर से लाया जा रहा था जयपुर**

## मदर चॉइस ब्रांड का 1245 लीटर घी किया जब्त

बेधड़क | जयपुर

'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को मदर चॉइस ब्रांड का 1245 लीटर घी अमानक और घटिया होने के संदेह पर सीज कर दिया। यह घी इंटरसिटी ट्रैवल्स में रखकर मध्य प्रदेश के इंदौर से जयपुर में लाया जा रहा था, जिसे खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन और अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा पंकज ओझा के नेतृत्व में खाद्य विभाग की टीम ने सीज कर दिया। पकड़े गए घी में मदर चॉइस 705 लीटर ओर मिल्क क्रीम 540 लीटर है। टोटल सीज घी की मात्रा 1245 लीटर है। यह अमानक घी इंदौर से ट्रैवल्स में रख कर जयपुर लाया जाता है, फिर वहां से अलग-अलग जगह सप्लाई किया जाता है। जून 2024 माह में भी इस पर करवाही कर नमूने लिए गए जो अमानक पाए गए थे। कार्रवाई अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा के निर्देशानुसार डॉ. विजय सिंह फौजदार सीएमएचओ जयपुर फर्स्ट के सुपरविजन में एफएसओ रतन गोदारा पवन गुप्ता और नरेंद्र शर्मा द्वारा की गई है।



**शिप्रापथ थाने में दादागीरी**

# आर्मी कमांडो को निर्वस्त्र कर पीटा, बोले- पुलिस सेना की बाप!

- शिकायत मिलने पर सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्धन सिंह थाने पहुंचे और एसीपी को जमकर फटकार लगाई
- कमिश्नरेट ने कार्रवाई करते हुए एक सब इंस्पेक्टर समेत 4 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया

बेधड़क | जयपुर

शहर के शिप्रा पथ थाने का एक मामला सामने आया है जिसमें पुलिस ने सेना के एक कमांडो को न सिर्फ निर्वस्त्र कर डंडों से पीटा, बल्कि अपराधियों के बीच बैठाकर पुलिसकर्मियों ने कहा-पुलिस भारतीय सेना की बाप है। मामले की शिकायत कमांडो ने जब सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से की तो वे सोमवार को थाने पहुंचे और एसीपी संजय शर्मा को जमकर फटकार लगाई। राठौड़ ने खुद यह घटनाक्रम मीडिया को बताया। देर शाम कमिश्नरेट ने कार्रवाई करते एक सब इंस्पेक्टर बन्ना लाल समेत 4 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। दरअसल, 11 अगस्त को सेना के कमांडो अरविंद अपने परिचित जवान के केस के सिलसिले में जानकारी लेने थाने गए थे। थाने में पुलिसवालों ने ठीक से व्यवहार नहीं किया। उन्होंने खुद के सेना में होने का परिचय दिया। आरोप है कि एसआई और पुलिसकर्मियों ने कमांडो को गालियां देते हुए पीटना शुरू कर दिया। हवालात में डालकर कपड़े उतारकर पीटा। कमांडो को जमकर जलील किया गया। कमांडो अभी बारामूला में तैनात हैं।



### ACP ने कहा- दी थी कमांडो ने गाली

पीड़ित ने इसकी शिकायत सैनिक कल्याण मंत्री राठौड़ से की। सेना के कमांडो से मारपीट पर मंत्री इतने नाराज हुए कि थाने पहुंच गए। मंत्री राठौड़ ने थाने पहुंचकर पुलिसवालों से कमांडो के साथ मारपीट करने पर सवाल-जवाब किए। इस दौरान पुलिस के कई वरिष्ठ अफसर भी पहुंच गए। राज्यवर्धन ने मोबाइल में पीड़ित के साथ मारपीट के सबूत दिखाए। इस पर एसीपी संजय शर्मा ने तर्क दिया कि कमांडो ने पुलिसकर्मियों को गाली दी। मुझे भी गाली दी है।

### यहां नहीं खड़े रहना चाहते तो अपने दफ्तर जाइए

नाराज मंत्री राठौड़ ने एसीपी संजय शर्मा के बीच में बोलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए फटकार लगाई। राज्यवर्धन ने कहा-जब आपसे बात की जाए तो जवाब दीजिए, नहीं तो सावधान में खड़ा रहिए। यहां नहीं खड़े रहना चाहते तो अपने दफ्तर जाइए। राज्यवर्धन ने एसीपी से कहा आपने बेसिक मैनर्स नहीं सीखे। पुलिस के अंदर वर्दी है तो अलग रोब हो गया है। कोई धैर्य, कोई पेशेंस, कुछ है? कोई जनता की सेवा मन में है या दादागिरी है? आप ऐसे लोगों को सामने क्यों रखते हो? मैंने आपको धैर्य से कॉल किया तो मुझसे ही लड़ रहे हैं। उसको गाली दी या नहीं, भाड़ में जाए। आपने सेना में कमांडो को निर्वस्त्र करके डंडे मारे या नहीं मारे? मंत्री राज्यवर्धन ने पुलिस अफसरों से कहा- जिसके पास ताकत होती है, उसको धैर्य की बहुत जरूरत है। आपको दिखाने की क्या जरूरत पड़ गई कि कौन ज्यादा ताकतवर है?

### यह घिनौनी मानसिकता दिखाता है

मंत्री राठौड़ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कमांडो को पकड़कर पुलिसकर्मियों ने निर्वस्त्र करके डंडों से खूब पिटाई की। फिर अपराधियों के बीच में बैठाकर पुलिसकर्मी उसे दोहराते हैं कि पुलिस भारतीय सेना की बाप है। यह अत्यंत दुख की बात है। यह घिनौनी मानसिकता है। देश की रक्षा करने वालों को वर्दी की धौंस दिखाना कायरता है।

### ASI बोले-मारपीट किसने की मुझे नहीं पता

एसआई बन्ना लाल ने बताया कि अधिकारियों के निर्देशानुसार हुक्का-बार पर कार्रवाई की गई थी। मुझे किसी को छोड़ने के आदेश नहीं थे। सिफारिश करने आए व्यक्ति ने रोब जताना शुरू कर दिया था। अभद्रता करने पर उसके खिलाफ भी रोजनामचे में रपट डालकर कार्रवाई की गई। मेरे जाने के बाद किन से उसकी कहासुनी-मारपीट हुई, इस बारे में मुझे पता नहीं है।

**जरूरी खबर**

## ठगी करने वाले गिरोह के दो शातिर अरेस्ट



**बूंदी।** बूंदी की साइबर थाना पुलिस ने रुपए दो गुना करने के नाम से ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि इस मामले में पुलिस पहले ही मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर चुकी है, वहीं पहले गिरफ्तार हुए आरोपी से पूछताछ में दूसरे आरोपियों के नाम सामने आए। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। ऐसे में अब पुलिस को साइबर ठगी के बड़े नेटवर्क के खुलासे की उम्मीद है।

## बकरी चराने गया युवक बरसाती नाले में बहा

**दौसा।** जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र के लाका गांव में सोमवार को बकरी चराने गया एक युवक बरसात के पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अस्पताल में रखवाया है। सिकंदरा थाना प्रभारी सुणी लाल ने बताया कि युवक के परिजन और ग्रामीणों ने युवक को पानी से बाहर निकालकर बेसुध हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ऐसे में जिला अस्पताल में युवक की पोस्टमार्टम प्रक्रिया के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा। इसी प्रकार जिले के बांदीकुई में सोमवार को बारिश के चलते एक मकान के बीचोबीच दरार आने से मकान के दो हिस्से हो गए।

## करंट लगने से टेक्नीशियन की मौत



**जोधपुर।** निकटवर्ती बेलवा गांव में कार्यरत टेक्नीशियन की विद्युत ट्रांसफार्मर ठीक करते समय करंट लगने के बाद महात्मा गांधी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बालेसर पुलिस के अनुसार बालेसर डिस्कॉम का लाइनमैन चैनपुरा करौली निवासी राकेश जाटव पुत्र खेमराज जाटव ग्राम पंचायत बेलवा खत्रियां में टेक्निशियन के पद पर कार्यरत था। वह बेलवा राणाजी गांव के राजस्व ग्राम सगतनगर में विद्युत ट्रांसफार्मर ठीक करने के लिए गया हुआ था। जहां ट्रांसफार्मर को ठीक करने के दौरान करंट आने से राकेश का शरीर बुरी तरह से झुलस गया। घटनास्थल पर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और हादसे की सूचना डिस्कॉम को देकर विद्युत सप्लाई बंद करवाई।

### अंतरराष्ट्रीय सूक्ष्म कलाकार इकबाल बना चुके हैं 110 से ज्यादा रिकॉर्ड... फिर भी दिल में टीस

# उदयपुर में बना सबसे छोटा 'गोल्डन अशोक चक्र और तिरंगा'

**बेधड़क** | उदयपुर

देशभर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। आजादी के इस पर्व को मनाने के लिए हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जा रहा है तो वहीं उदयपुर के रहने वाले अंतरराष्ट्रीय सूक्ष्म कलाकार इकबाल सक्का ने स्वतंत्रता दिवस को लेकर एक और नायाब चीज बनाई है, जिसको उन्होंने देश को समर्पित किया है।

अब तक 110 वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके इकबाल इस बार देश की आन-बान-शान का प्रतीक विश्व का सबसे छोटा सोने का अशोक चक्र और तिरंगा झंडा




बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं। अपनी सूक्ष्म स्वर्ण शिल्पकारी से इकबाल सक्का ने पूरी दुनिया में पहचान बना ली है।

इकबाल ने बताया कि देश का सबसे बड़ा अशोक चक्र यमुनानगर के टॉपर कला गांव में स्थापित है। स्टील से बने गोल्डन कलर में लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज भारत का सबसे बड़ा अशोक चक्र है। 30 फीट के अशोक चक्र का वजन 6 टन है। उदयपुर के इकबाल ने ठीक इसके विपरीत लाखों गुना छोटा लेंस की मदद से देखे जाने वाला 24 कैरेट सोने का 3 एमएम साइज का वजन 0. 00 मिलीग्राम सोने का भारत का सबसे छोटा हवा से भी हल्का 24 तिलियों के साथ अशोक चक्र बनाया है। अशोक चक्र के साथ एक मिलीमीटर का भारतीय तिरंगा झंडा भी बनाया है। उन्होंने बताया कि इसको बनाने में तीन से चार दिन का वक्त लगा है, जिसे बड़ी कठिन परिश्रम और लगन के साथ उन्होंने दिन-रात एक कर बनाया है। लिम्का बुक में दावा पेश करते हुए 77वीं वर्षगांठ पर बनाई गई अपनी इन कलाकृतियों को देश के नाम कर दिया है।

### सूक्ष्म कलाकृतियां बनाने में गवाई आंख

इकबाल की सूक्ष्म कलाकृतियों को देखने के लिए लेंस का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने इस कार्य में अपनी एक आंख भी गवाई है। अब उन्होंने सिर्फ अपनी एक आंख के सहारे ही आजादी के इस पर्व पर यह अनूठी चीज बनाई है। इकबाल ने अब तक सूक्ष्म कलाकृतियों के बल पर 110 से ज्यादा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। उन्होंने सूक्ष्म कलाकृति के बल पर भारत का डंका दुनिया भर में बजाया है। इससे पहले भी उन्होंने T-20 वर्ल्ड कप को लेकर विशेष तीन ट्रॉफी बनाई थी। अयोध्या में बन रहे भगवान राम के मंदिर के लिए भी उन्होंने तीन सूक्ष्म कलाकृतियों का निर्माण किया था, जिनमें सोने की ईंट, घंटा और दो खड़ाऊ शामिल हैं। इकबाल ने विश्व की सबसे छोटी सोने-चांदी की पुस्तक भी बनाई है। पुस्तक में अरबी में अल्लाह, संस्कृत में ओम, ईसाई धर्म का क्रॉस, सिख धर्म का खंडा उत्कीर्ण किया गया है। यह पुस्तक 64 पृष्ठों की है। इसके अलावा उन्होंने इस स्वतंत्रता दिवस पर महज 0. 5 मिलीमीटर का तिरंगा झंडा भी बनाया है।

### कई वर्ल्ड रिकॉर्ड किए कायम

इकबाल सबसे कम वजन की सबसे छोटी सोने की चेन बनाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने विश्व की सबसे छोटी चाय की केतली भी बनाई थी। साथ ही सबसे छोटा स्वर्ण स्टम्प बना चुके हैं। इसी तरह अब तक इकबाल 100 वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं, जो गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड, लिम्का बुक ऑफ रिकाॅर्ड्स, यूनिक वर्ल्ड रिकाॅर्ड्स, इंडिया बुक ऑफ रिकाॅर्ड्स, वर्ल्ड अमेजिंग विश्व रिकाॅर्ड्स, एशिया बुक ऑफ रिकाॅर्ड्स में दर्ज हैं।

### नहर में गिरी कार... पिता-पुत्र और पोते की मौत

# रील बनाने के फेर में तीन पीढ़ियां एक साथ डूबी





**बेधड़क** | हनुमानगढ़

हनुमानगढ़ जिले में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक कार बेकाबू होकर इंदिरा गांधी नहर में गिर गई। इससे कार में सवार तीन पीढ़ियों की एक साथ मौत हो गई। कार में पिता, पुत्र और पौत्र सवार थे। तीनों ही पानी में डूब गए। यह हादसा रील बनाने के चक्कर में हुआ बताया जा रहा है। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर कार को नहर से बाहर निकाला। बाद में शवों का पोस्टमार्टम करवाकर उन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार यह हादसा हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी थाना इलाके में हुआ। यहां टिब्बी-तलवाड़ा रोड पर जा रही एक कार अचानक बेकाबू होकर इंदिरा गांधी नहर में जा गिरी। इस कार में तीन लोग सवार थे। कार को नहर में गिरते देखकर किसी ने हल्ला मचाया। उसके बाद वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने पुलिस को सूचित किया। हादसे की सूचना मिलते ही तहसीलदार चंदन पंवार, संगरिया डीएसपी करण सिंह मान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।



### चार घंटे की कड़ी मशक्कत कर कार को निकाला बाहर

करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत कर कार को नहर से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक कार में सवार तीनों लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने उनकी शिनाख्त की तो वे पिता-पुत्र और पौत्र निकले। हादसे के शिकार हुए लोग राठीखेड़ा के रहने वाले थे। पुलिस ने उनके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर उनके परिजनों को सूचित किया। मृतकों के परिवार को हादसे की सूचना मिलते ही वहां कोहराम मच गया।

### कार के गेट थे लॉक

पुलिस के मुताबिक आसपास के लोगों से हुई पूछताछ में सामने आया कि चालक कार से बाहर हाथ निकालकर रील बना रहा था। उसी दौरान यह हादसा हो गया। कार के गेट लॉक थे, लिहाजा तीनों ही बाहर नहीं निकल पाए। कार में पानी भर जाने से तीनों की उसमें ही मौत हो गई। चूंकि यहां नहर में पानी काफी था और इसका बहाव भी तेज था, इसलिए एसडीआरएफ और गोताखोरों की मदद से कड़ी मशक्कत कर कार को नहर से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी।

### चलती कार में रील बनाने के दौरान हुआ हादसा

हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी थाना इलाके के राठी खेड़ा के रहने वाले इमाम मरगूब आलम अपने बेटे को कार चलाना सिखा रहे थे। उनके साथ में 5 साल का पोता भी था। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि ड्राइवर सीट पर बैठे इमाम मरगूब आलम ने मोबाइल से वीडियो बना रहे थे, इसी बीच अचानक से कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। बताया जा रहा है कि कार की खिड़की के शीशे खुल नहीं पाए और तीनों की दम घुटने से मौके पर ही मौत हो गई।

# जोधपुर पहुंची 21 फीट लंबी और 151 किलो की हनुमानजी की गदा




**बेधड़क** | जोधपुर

उदयपुर के हनुमंत धाम में स्थापित होने वाली 11 मुखी 84 फीट की हनुमानजी की मूर्ति से पहले उनकी गदा को पूरे देश में भ्रमण कराया जा रहा है।

पिछले करीब 9 माह से अलग-अलग शहरों से होते हुए अब यह गदा जोधपुर पहुंची। 21 फीट लंबी और 151 किलो की गदा को पाल बालाजी, बॉम्बे मोटर्स चौराहा, पांचवीं रोड रामेश्वर मंदिर, गीता भवन, सिवांची गेट, शनिश्चरजी का थान, जालोरी गेट सहित सूरसागर रामद्वारा में भ्रमण कराया गया।

इस दौरान भक्तों ने गदा की पूजा-अर्जना की। इसके साथ ही मंगलवार को 9 बजे बड़वासन माताजी, विद्याशाला स्थित करंट बालाजी, किला रोड, शुगालेश्वर, नागौरी गेट, महामंदिर, पावटा, रसाला रोड सहित मंदिर-मठ में दर्शनार्थ घुमाई जाएगी। इसके बाद गदा मथानिया, ओसियां, फलोदी, पोकरण, रामदेवरा, जैसलमेर, बाड़मेर और बीकानेर जाएगी।

साल 2027-2028 में गदा उदयपुर के हनुमंत धाम पहुंचेगी, जहां हनुमानजी की मूर्ति तैयार करवाकर प्रतिष्ठा की जाएगी।

### बीएसएफ के महानिदेशक ने किया सीमा क्षेत्र का दौरा

# सुरक्षा को लेकर BSF अलर्ट: गर्ग

**बेधड़क** | जोधपुर

सीमा सुरक्षा बल बांग्लादेश में उपजे हालात के बाद पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है और हर परिस्थिति से निपटने में सक्षम है। 15 अगस्त को लेकर भी बीएसएफ ने सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। 24 घंटे हमारे जवान और अधिकारी मुस्तैद है, जिससे देश के अंदर नागरिक सुरक्षित महसूस कर रहा है। बीएसएफ के महानिदेशक एमएल गर्ग ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बीएसएफ विश्व का सबसे बड़ा और अनुभवी सीमा रक्षक दल है और 1965 से लगातार बॉर्डर की सुरक्षा व्यवस्था को देख रहा है। राजस्थान फ्रंटियर का क्षेत्र मरुस्थलीय और अर्थ मरुस्थलीय दो भागों में बांटा हुआ है और विषम परिस्थितियों में सीमा पार होने वाली घुसपैठ और ड्रोन से तस्करी को रोकने में कारगर कदम उठा रहा है।



### सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए मॉडल फेंसिंग

बॉर्डर की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए मॉडल फेंसिंग की जा रही है। सीमावर्ती इलाकों में मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए 109 मोबाइल टावर लगाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में बीएसएफ ने उल्लेखनीय कार्य किया है और चार सीमा चौकिया महिला प्रहरियों की ओर से ही संचालित की जा रही है , जिसमें पोस्ट कमांडर भी महिला अधिकारी को नियुक्त किया गया है पर्यावरण के लिए से बीएसएफ इस वर्ष 4 लाख पौधे लगाने जा रहा है, ताकि राजस्थान के बॉर्डर इलाकों को हरा भरा किया जा सके। बांग्लादेश में उपजे हालत को लेकर हालांकि पूर्वी राजस्थान की सीमा पर बीएसएफ मुस्तैदी के साथ काम कर रही है, इसका सीधा असर पश्चिमी राजस्थान की सीमा पर नहीं है , लेकिन फिर भी बीएसएफ अलर्ट मोड पर है। 15 अगस्त के लिहाज से बीएसएफ में अतिरिक्त जाब्ता सीमा पर तैनात किया जा रहा है , ताकि किसी भी प्रकार की घुसपैठ या अवांछित गतिविधि को रोका जा सके।

**स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां**

# हर घर तिरंगा कैंपेन...कलेक्टर ने लगाई दौड़, स्टूडेंट्स का बढ़ाया उत्साह

**बेधड़क** | झालावाड़

जिले में स्वतंत्रता दिवस से पहले हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 15 अगस्त तक जारी रहेगा। शहर में सोमवार को जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ के नेतृत्व में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली बच्चे शामिल हुए। जिला कलेक्टर ने उनकी हौसला अफजाई की।

तिरंगा रैली सोमवार सुबह 7 बजे राजकीय विजयाराजे सिंधिया खेल संकुल से बस स्टैंड मंगलपुरा होते हुए मिनी सचिवालय तक पहुंची। इस मैराथन में स्कूली छात्र छात्राओं के अलावा नर्सिंग स्टूडेंट्स तथा पुलिस, स्काउट गाइड और एनसीसी के कैडेट्स ने भाग लिया। तिरंगा रैली गवर्मेंट




विजयाराजे सिंधिया खेल संकुल से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई मिनी सचिवालय पहुंची। मिनी सचिवालय में जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने कहा कि घर, दुकान-कक्ष में छोटे झंडे लगाएं। अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित कर राष्ट्र भावना का वातावरण बनाए रखे। इसके बाद मौजूद लोगों को नशा नहीं करने और अन्य लोगों को इसके लिए प्रेरित करने के लिए नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

### हर घर तिरंगा अभियान को धर्म गुरुओं का मिला समर्थन

**कुचामनसिटी।** देशभर में हर घर तिरंगा अभियान के प्रति आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इस बीच हर घर तिरंगा अभियान को धर्म गुरुओं का भी समर्थन मिल रहा है। कुचामन सिटी में एक धार्मिक कॉन्फ्रेंस में मुख्य वक्ता के तौर पर आए अंतरराष्ट्रीय मुस्लिम वक्ता और सुन्नी दावत ए इस्लामी के मालेगांव डिवीजन के प्रमुख कार्यवाहक सैयद अमीनुल कादरी ने भी देशवासियों को अपने घरों में तिरंगा लगाने का आह्वान किया। कादरी ने मीडिया से बातचीत करते कहा कि अपने वतन से मुहब्बत का जज्बा हमेशा अपने दिल में रखना चाहिए। पैगम्बर मुहम्मद साहब ने भी यही कहा है कि अपने वतन से, मातृ भूमि से हमेशा प्यार करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से कहा कि भारत युवाओं का देश है। युवाओं को अपने देश को सजाने से लेकर बचाने की दिशा में आगे रहना चाहिए। वहीं कथावाचक संत राधाकृष्ण व्यास ने कहा कि देशभक्ति के पर्व पर हर घर में तिरंगा फहरना चाहिए। कुचामन सिटी में नानी बाई का मायरा कथा वाचन के लिए आए राष्ट्रीय संत राधा कृष्ण महाराज ने भी सरकार के हर घर तिरंगा अभियान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर देशवासी को अपने अपने घरों पर तिरंगा फहराना चाहिए।



### तिरंगामय हुई पॉपलीन नगरी

**बालोतरा।** जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव ने सोमवार को तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला प्रशासन व महिला एवं बाल विकास अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हर घर तिरंगा कार्यक्रमों की कड़ी में जिला कलेक्टर कार्यालय से हर घर तिरंगा रैली का आयोजन हुआ। जिला कलेक्टर ने संभागियों को हर घर तिरंगा लहराने की शपथ दिलाई। रैली में सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्कूल के विद्यार्थियों सहित अन्य संभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। तिरंगा रैली कलेक्टर से रवाना होकर नगर परिषद होती हुई डागा हॉस्पिटल पहुंची। रैली का समापन भारत माता की जय घोष के साथ किया गया।

सीकर जिले के रींगस में नवनिर्मित निजी कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल के लोकार्पण में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा...

## समाज में बालिकाओं को आत्मनिर्भर बना रही राज्य सरकार

**बेधड़क** | जयपुर



उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार समाज में बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उच्च शिक्षा की दिशा में भामाशाओं के सहयोग से बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। बैरवा ने सोमवार को जिले के रींगस में एक निजी कॉलेज के उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि बोले रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्राएं अपनी पढ़ाई में जज्बा रखे तो उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बालिका शिक्षा की महत्ता को समझते हुए 2015 में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य बालिकाओं को बचाना था, जिनको जन्म से पूर्व ही कोख में ही मार दिया जाता था। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश सरकार द्वारा बालिका शिक्षा व शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए राजश्री योजना शुरू की है। प्रदेश में सरकार ने महिला शिक्षा की सशक्तिकरण की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम उठाते हुए तृतीय श्रेणी की भर्ती में प्रदेश की महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की है। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री बैरवा ने रींगस में भैंरू जी महाराज मंदिर व श्याम बाबा के मंदिर में पूजा दर्शन कर देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में वेदांता फाउंडेशन मुम्बई के सीईओ टी रवि कृष्ण, प्राचार्या शुभ्रा शर्मा के साथ महाविद्यालय के स्टाफ, छात्राएं तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

### हाथों के काम को बढ़ावा देने में करेंगे मदद : बैरवा

**सीकर**। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने कहा कि आधुनिकता के माहौल में जो काम हाथों से होने वाला था, वह काम बंद हो गया था, लेकिन अब उसका जमाना वापस आ गया है। पूरा देश अब हाथों के द्वारा बने सामान को उपयोग कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी देशवासियों से स्वदेशी अपनाने की अपील रहे हैं। उप मुख्यमंत्री बैरवा सोमवार को जिले के रींगस में आयोजित कतवारी सहकारी समिति लिमिटेड परिसर में बुनकर और अनुसूचित जाति-जनजाति समाज की ओर सम्मान समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने खुद को भी अपने बुनकर समाज से जोड़ते हुए कहा कि हमारा समाज मेहनतकश है कला से जीवनयापन करता है। उप मुख्यमंत्री ने इस समिति को वापस शुरू करवाने का भरोसा दिलाया। समारोह में उपमुख्यमंत्री को बुनकर समाज का प्रतीक चिंह चरखा भेंट किया। उपमुख्यमंत्री और खंडेला विधायक सुभाष मील का समाज के लोगों ने माला पहना और बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में समिति संरक्षक दयालचंद बुनकर, अध्यक्ष जगनलाल लाल सूद, अंबेडकर सेवा समिति महासचिव संदीप डांडिया, पूर्व प्रधान खंडेला शिवदयाल पालीवाल, निवर्तमान जैतुसर सरपंच श्रवण कुमार डांडिया, महेंद्र वर्मा, बजरंग लाल बुनकर आदि ने उप मुख्यमंत्री का सम्मान किया।



#### ये रहे मौजूद, मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

कार्यक्रम में कतवारी सहकारी समिति के सदस्यों ने समिति का अवसायन को खत्म करने के साथ-साथ सत्यनारायण मोरवाल, राधे श्याम मावर पार्षद ने धानका समाज के जाति प्रमाण पत्र बनने में समस्या को लेकर ज्ञापन दिया। इस मौके पर कालूराम पार्षद प्रतिनिधि, श्यामलाल मेघवाल, देवाराम, मुरारी लाल जी, पोखरमल, दामोदर वर्मा, प्रेम चंद, प्रभु दयाल, बाबू लाल, माली राम, बंशी बावडी, सीता राम, एडवो. दिनेश, फूल चंद सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## Yuva स्टोरीज

### मां तुझे सलाम उत्सव आजादी में गूंजे देशभक्ति के तरानें



**बेधड़क** | जयपुर

त्रिवेणी नगर स्थित केंद्रीय संस्कृत महाविद्यालय में संगम सामाजिक विकास संस्था की ओर से देशभक्ति संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'माँ तुझे सलाम उत्सव आजादी का' कार्यक्रम आयोजन का हुआ।

कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी सुनिता सैनी ने बताया कि उत्सव में देशभक्ति गाने, बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, आर्मी ऑफिसर्स एवं वीरांगनाओं का सम्मान किया गया। होली फेथ अकादमी व सत्यम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतीयां दी। मुख्य अतिथि कर्नल देवानंद गुर्जर ने प्रेरणादायक भाषण देकर सभी को जल, थल व वायु सेना के कठिन कर्तव्यों के बारे में जानकारी देकर ऑडिटोरियम को देशभक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में संस्था के अधिकारी हरेन्द्र सिंह फौजदार, ओमशंकर बेनीवाल, ममता बेनीवाल, अपर्णा वाजपेयी, विशिष्ठ अतिथि राधेश्याम उपाध्याय, राजकुलदीप, चिरंजी लाल बागड़ी, लोकेश गुप्ता,अतिथि आरएनए प्रदेश कार्यकरी अध्यक्ष डॉ. रमेश सैनी, प्राचार्य मधु पाठक,डॉं. हेमलता शर्मा,सी.पी माथुर, तनमन कुलश्रेष्ठ आदि सहित सैकड़ों साहित्य और संस्कृति कला प्रेमी उपस्थित रहे।

### आईबीपीएस क्लर्क परीक्षा के लिए पीईटी एडमिट कार्ड जारी

**बेधड़क** | नई दिल्ली

इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन (आईबीपीएस) ने प्री एग्जामिनेशन ट्रेनिंग (पीईटी) के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। जिन उम्मीदवारों ने सीआरपी क्लर्क XIV भर्ती के लिए आवेदन किया है, वे इस प्री एग्जामिनेशन ट्रेनिंग में भाग ले सकते हैं। आईबीपीएस पीईटी एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 17 अगस्त तक डाउनलोड किए जा सकते हैं।

उम्मीदवारों को आईबीपीएस क्लर्क 2024 पीईटी एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए अपना लॉगिन विवरण जैसे पंजीकरण संख्या और जन्म तिथि दर्ज करनी चाहिए। आईबीपीएस प्रारंभिक परीक्षा अगस्त के महीने में आयोजित होने वाली है। आईबीपीएस भर्ती अभियान का उद्देश्य इस भर्ती अभियान के माध्यम से क्लर्क के 6128 पदों को भरना है। आईबीपीएस क्लर्क प्रारंभिक परीक्षा इसी महीने 24, 25 और 31 अगस्त को आयोजित की जानी है। आईबीपीएस क्लर्क सीआरपी XIV की भर्ती प्रक्रिया में दो चरण होंगे- प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा। लिपिक संवर्ग पद के लिए चयनित होने के लिए, उम्मीदवारों को दोनों परीक्षाओं में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आईबीपीएस क्लर्क प्रारंभिक परीक्षा के एडमिट कार्ड अगस्त के तीसरे सप्ताह तक जारी किए जा सकते हैं।

### बरसते मेघों के बीच जलती रही देशभक्ति की अलख



**बेधड़क** | जयपुर

जेएलएन मार्ग स्थित जवाहर कला केन्द्र की ओर से सावन श्रृंगार के तहत आयोजित कार्यक्रम में सोमवार को गायन, वादन और नृत्य का संगम देखने को मिला। केन्द्र की ओर से स्वतंत्रता दिवस को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राजस्थान संगीत संस्थान, जयपुर के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी। बरसते मेघ भी कलाकारों और कला प्रेमियों का उत्साह कम नहीं कर पाए। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में कला रसिकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। स्वागत उद्बोधन के बाद कार्यक्रम का आगाज हुआ। वन्दे मातरम् गीत की प्रस्तुति के साथ बच्चों ने भारत के वैभव का गुणगान शुरू किया। इसके बाद 'तन समर्पित, मन समर्पित' गीत गाकर बच्चों ने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव व्यक्त किया। 'चल चल रे नौजवान' गीत का सामूहिक गायन किया गया। यह एक अद्भुत प्रस्तुति रही। जिसमें बच्चों ने सितार, वायलिन, तबला और सारंगी की संगत के साथ मधुर गीत गाया। इसके बाद भवाई नृत्य की प्रस्तुति ने सभी को राजस्थान के रंग से रंग दिया।

शिक्षा मंत्री ने किया शाला स्वास्थ्य परीक्षण मोबाइल एप का शुभारंभ

## एप के जरिए होगा 81 लाख बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को शिक्षा संकुल मे राजकीय विद्यालयों मे पढ़ने वाले बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शाला स्वास्थ्य परीक्षण मोबाइल एप का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्राथमिक शिक्षा सीताराम जाट सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। शाला स्वास्थ्य परीक्षण मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए सरकारी स्कूलों के 81 लाख बच्चों एवं 72 हजार विद्यालयों में स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। एप्लीकेशन के माध्यम से 70 प्रश्नों के आधार पर पेपरलेस सर्वेक्षण कर बच्चां मे रोग की पहचान कर सलाह दी जा सकेगी। सर्वेक्षण 12 से 31 अगस्त के दौरान प्रदेश के स्कूलों मे किया जायेगा।

### पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करें: दिलावर

**जयपुर**। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत लगाये गये पौधों के बड़ा वृक्ष बनने तक नियमित देखभाल सुनिचित करें। शिक्षा मंत्री सोमवार को शिक्षा संकुल में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रवेशोत्सव, मॉडल विद्यालयों में नामांकन, कार्मिकों की भर्ती, पदोन्नती, अनुकम्पा नियुक्ति, छात्रवृत्ति, निःशुल्क टेबलेट एवं साईकिल वितरण, विद्यालय भवनों की मरम्मत एवं निर्माण कार्यों, आरटीई में प्रवेश सहित अन्य विषयों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने घुमंतु जातियों के नव प्रवेशित बालकों का पृथक से रिकॉर्ड संधारित करने, विद्यार्थियों के ड्रॉप आउट होने के कारणों को चिन्हित करने, आवासीय विद्यालयों में दैनिक दिनचर्या एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में नियमों की शक्ति से पालना करने, कार्मिकों के विरूद्ध लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

#### सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की दिलाई शपथ

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि विद्यालयों सहित शिक्षा विभाग के कार्यालयों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें। साथ ही अन्य लोगों को भी सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल, आयुक्त मिड-डे मील विश्व मोहन शर्मा, विशिष्ट शासन सचिव चित्रा गुप्ता, राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा सीताराम जाट सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। शाला स्वास्थ्य परीक्षण मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए सरकारी स्कूलों के 81 लाख बच्चों एवं 72 हजार विद्यालयो में स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। एप्लीकेशन के माध्यम से 70 प्रश्नों के आधार पर पेपरलेस सर्वेक्षण कर बच्चां मे रोग की पहचान कर सलाह दी जा सकेगी। सर्वेक्षण 12 से 31 अगस्त के दौरान प्रदेश के स्कूलों में किया जायेगा।

### म्यूजिक विषय के साक्षात्कार के लिए अस्थाई सूची जारी

**अजमेर**। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक आचार्य म्यूजिक (वॉकल) विषय की परीक्षा के फल स्वरुप साक्षात्कार के लिए अस्थायी रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई। आयोग साक्षात्कार की तिथि जल्द जारी करेगा। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि इस विषय के 54 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अस्थायी रूप से सफल घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि विषय के प्रश्नपत्र प्रथम और द्वितीय की परीक्षाओं का आयोजन 22 मई, और प्रश्नपत्र तृतीय की परीक्षा का आयोजन 7 जनवरी को किया गया था। साक्षात्कार के लिए अस्थायी रूप से सफल घोषित किए गए अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वो विस्तृत आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर समस्त 27 अगस्त की शाम 6 बजे तक भरकर जमा करवा दें।

राजस्थान राज्य पाठयपुस्तक मंडल की शासी परिषद की बैठक संपन्न

## पुस्तकालय में भेजी जाएंगी प्रेरणादाई पुस्तकें



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल शासी परिषद की साधारण सभा की 100वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने की। बैठक में पाठयपुस्तक मंडल के सचिव मूल चंद, मुख्यकार्यकारी अधिकारी मनोज शर्मा, शासन सचिव शिक्षा कृष्ण कुनाल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्राथमिक शिक्षा सीताराम जाट सहित शासी परिषद के सभी सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में गत शासी परिषद की कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा आगामी सत्र के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वर्ष 1956 में स्थापित पाठ्यपुस्तक मंडल प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करवाता है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मंडल विद्यालयों में संचालित वाचनालयों एवं पुस्तकालयों में विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकें भी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में पठन-पाठन की रुचि बढ़ाना तथा उनके सर्वांगीण विकास में सहायता करना है। मंडल के अधिकारियों ने इस अवसर पर पाठ्यपुस्तकों की गुणवत्ता सुधार पर भी चर्चा की। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया कि पुस्तकें समय पर विद्यालयों तक पहुँच जाएँ, जिससे शैक्षणिक कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सकें। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पाठयपुस्तक मंडल के परिसर में पौधारोपण भी किया।

### एलएलबी प्रथम वर्ष परीक्षा में बोनस अंक देने की मांग


**झालावाड़**। जिले के विधि महाविद्यालय में सोमवार को कोटा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एलएलबी प्रथम वर्ष की परीक्षा में अंग्रेजी का प्रश्न पत्र अधूरा छपा आने से सभी छात्र हैरान रह गए। परीक्षा हॉल में बांटे गए सभी प्रश्न पत्रों में 5 यूनिट के प्रश्न की जगह केवल दो यूनिट के ही प्रश्न छपे थे। ऐसे में परीक्षा के दौरान अधूरा प्रश्न पत्र आने के बाद कुछ देर के लिए परीक्षा हॉल में हंगामा हो गया। बाद में विधि महाविद्यालय के प्राचार्य ने परीक्षा देने पहुंचे सभी छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा भेजे गए प्रश्न पत्र हल करने की समझाइश की, तब जाकर मामला शांत हुआ। इधर परीक्षा के बाद सभी छात्रों ने मिलकर कोटा विश्वविद्यालय के परीक्षक नियंत्रक को प्राचार्य के माध्यम से एक ज्ञापन सौंप पेपर में बोनस अंक देने की मांग की है। मामले में जानकारी देते हुए राजकीय विधि महाविद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार मीणा ने बताया कि एलएलबी प्रथम वर्ष के परीक्षा अधूरे पेपर मामले में परीक्षा नियंत्रक को रिपोर्ट भेज दी गई।

कार्यक्रम | आईआईएस स्कूल कैंपस के ऑडिटोरियम में 18 अगस्त को होगा कार्यक्रम

## 'हैप्पीनेस एंड वेल-बीइंग' पर बताएंगें नामी स्पीकर्स





**बेधड़क** | जयपुर

खुशी और कल्याण की खोज समेत उसे बढ़ाने के लिए समर्पित एक दिवसीय हैप्पीनेस एंड वेल-बीइंग विषयक कार्यक्रम शिप्रा पथ, मानसरोवर स्थित आईआईएस स्कूल कैंपस के ऑडिटोरियम में 18 अगस्त को सुबह 9.30 बजे शुरू होगा।

कार्यक्रम का मकसद वैश्विक विचार नेताओं, नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं से अंतर्दृष्टि साझा करना है। गौरतलब है कि पहले आओ, पहले पाओ आधारित यह कार्यक्रम पूर्णरूप से निशुल्क रहेगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा।

आयोजन स्थल पर ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए गूगल वेबसाइट पर रजिस्टर भी कर सकते हैं। आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) और ग्लोबल हैप्पीनेस फोरम, गैरलाभकारी संगठन क्रैक द वेलनेस कोड फाउंडेशन की ओर से होने वाले इस कार्यक्रम में देश-विदेश के कई नामी विषय विशेषज्ञ स्पीकर्स शामिल होंगे।

शिक्षा आधारित कल्याण कार्यक्रम में वर्ल्ड हैप्पीनेस फाउंडेशन, शूलिनी यूनिवर्सिटी, द आर्ट ऑफ लिविंग, हैप्पीनेस स्टडीज एकेडमी और ब्रह्मा कुमारीज जैसी संस्थाओं का खास सहयोग रहेगा।

#### कार्यक्रम में 500 से अधिक लोगों का लक्ष्य

सीडब्ल्यूसी ग्लोबल हैप्पीनेस फोरम का लक्ष्य 500 से अधिक प्रतिनिधियों को व्यक्तिगत रूप से और कई अन्य को वर्चुअल प्लेटफॉर्म ग्लोबलिटी पर लाइव बुलाना है। इसमें शिक्षाविद, बिजनेस लीडर्स, उद्योगपति, सामाजिक कार्यकर्ता, पेशेवर लोग और छात्र शामिल हैं।

#### कार्यक्रम में यह होंगे खास स्पीकर्स

आईआईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता व रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता ने बताया कि हैप्पीनेस एंड वेल-बीइंग कार्यक्रम में देश-विदेश के नामी स्पीकर्स अहम विचारों को साझा करेंगे। इनमें यूएसए (अमरीका) के वर्ल्ड हैप्पीनेस फाउंडेशन के प्रेसीडेंट लुईस गैलैरडो, यूएसए के ही डॉ.ताईबेन-शहर, शूलिनी यूनिवर्सिटी की डॉ.सैमडु चेत्री, ब्रह्मा कुमारीज वर्ल्ड स्प्रिचुअल ऑर्गेनाइजेशन, इंडिया की सिस्टर बीके उषा, द आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन, इंडिया के स्वामी आत्मनंदा, लाफ्टर योग गुरु डॉ.मदान कटारिया समेत कई अन्य शामिल होंगे।

# संकट में हिमालय, पिघलते ग्लेशियर व जल प्रलय की आहट



ज्ञानेन्द्र रावत
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आज हिमालय अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रहा है। एक ओर वह तापमान में बढ़ोतरी से हो रहे मौसम में आये बदलाव से जूझ रहा है, इसके कारण सूखे के संकट का सामना कर रहा है, वहीं जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव के चलते पश्चिमी विक्षोभ से वर्षा,बर्फवारी व कम सर्दी से दो चार हुआ है, वहीं वह पर्यटन के चलते वायु प्रदूषण की समस्या से जार-जार हो रहा है। इसमें लगातार चौडी हो रही सड़कों और पर्यटन के कारण बढ़ती गाड़ियों की अहम भूमिका है। आर्यभट्ट प्रेक्षण एवं विज्ञान शोध संस्थान नैनीताल एवं दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा हिमालय के जटिल और प्राचीन भूभाग पर कार्बन युक्त ऐरोसोल के अध्ययन में यह खुलासा हुआ है कि हिमालय में वायु प्रदूषण पर जीवाश्म ईंधन के जलने का ज्यादा असर पड़ रहा है। हिमालय अंचल में गाड़ियों की बेतहाशा कई गुना बढ़ती तादाद हवा में जीवाश्म ईंधन की हिस्सेदारी का प्रमुख कारण है। साथ ही हिमालय बस्तियों और शहरों के बोझ से अब हांफने लगा है, वहीं ग्लोबल वार्मिंग के चलते तेजी से ग्लेशियर से पिघलकर बनी झीलें जल प्रलय को आमंत्रण दे रही हैं। इसमें दो राय नहीं है कि दुनिया के ग्लेशियर जिस तेजी से पिघल रहे हैं या यों कहें कि वे खत्म हो रहे हैं, वह भयावह आपदाओं का संकेत है। जलवायु परिवर्तन का परिणाम है कि बीते 40 सालों में हिमालय से 440 अरब टन बर्फ पिघल चुकी है। जी बी पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान के निदेशक प्रो० सुनील नौटियाल की माने तो अकेले 2010 में ही 20 अरब टन बर्फ हिमालय के ग्लेशियरों से पिघली है। अगर ऐसा ही रहा तो इसके गंभीर दुष्परिणाम भविष्य में सामने आयेंगे। दुनिया के वैज्ञानिकों ने भी आशंका जतायी है कि जलवायु परिवर्तन की मौजूदा दर यदि इसी प्रकार बरकरार रही तो इसमें कोई दो राय नहीं कि इस सदी के अंत तक दुनिया के दो तिहाई से ज्यादा ग्लेशियरों का अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा। उनके अनुसार यह, भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं हैं। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र संघ के जलवायु परिवर्तन पर ,अंतर सरकारी पैनल यानी आईपीसीसी की रिपोर्ट ने करीब पांच साल पहले ही बताया था कि जलवायु परिवर्तन के कारण अगर सीधा कोई बड़ा असर पड़ेगा तो वह हिमालय क्षेत्रों पर पड़ेगा। वह अब दिखाई भी दे रहा है। बीते बरस की घटनाएं आईपीसीसी की रिपोर्ट को साबित करने के लिए काफी हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण अतिवृष्टि का सीधा असर हिमालय पर ही पड़ा है, इसे नकारा नहीं जा सकता। बीते बरस की घटनाएं इसका जीता जागता सबूत हैं।

> *“ग्लोबल वार्मिंग के चलते तेजी से ग्लेशियर से पिघलकर बनी झीलें जल प्रलय को आमंत्रण दे रही हैं। इसमें दो राय नहीं है कि दुनिया के ग्लेशियर जिस तेजी से पिघल रहे हैं या यों कहें कि वे खत्म हो रहे हैं, वह भयावह आपदाओं का संकेत है। जलवायु परिवर्तन का परिणाम है कि बीते 40 सालों में हिमालय से 440 अरब टन बर्फ पिघल चुकी है।”*

असलियत में हम कहें कुछ भी, लेकिन यह कटु सत्य है कि हम दुनिया के बहुत सारे ग्लेशियरों को खोते चले जा रहे हैं। दुख तो इस बात का है कि इस खतरे के प्रति हमारा मौन समझ से परे है। जबकि हमारे पास ग्लेशियरों के पिघलने को सीमित करने की और उसमें अंतर पैदा करने की क्षमता है। बड़े ग्लेशियरों के मामले में इसकी संभावना ज्यादा है जबकि छोटे ग्लेशियरों के मामले में बहुत देर हो चुकी है।हिमालयी ग्लेशियरों के बारे में इसरो का हालिया अध्ययन चौंकाने वाला है जिसमें कहा गया है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण तेजी से पिघल रहे ग्लेशियरों से बनी झीलों के फटने से जल प्रलय की आशंका को नकारा नहीं जा सकता। इसरो के अध्ययन की मानें तो उपग्रह इमेजरी से पता चला है कि हिमालयी ग्लेशियर पिघलकर बडी-बडी झीलों का रूप ले रहे हैं। यदि 1984 से 2023 तक के दौरान हिमालय क्षेत्र में बनी झीलों का जायजा लें तो पाते हैं कि 2,431 झीलें आकार में दस हैक्टेयर से भी काफी बड़ी हैं। 1984 के बाद से अबतक 676 झीलों के क्षेत्रफल का विस्तार हुआ है और इनमें से 601 ऐसी हैं जिनका आकार दो बार बदल चुका है। इनमें 130 झीलें भारत में ही मौजूद हैं।

एक अध्ययन के मुताबिक हिमालयी ग्लेशियरों को साल 2000 से 2020 के दौरान तकरीबन 2.7 गीगाटन का नुकसान हुआ है। ब्रिटेन और अमरीका की अध्ययन टीम के अनुसार पिछले आंकलनों में वृहद हिमालयी क्षेत्र में पिघलकर गिर रहे ग्लेशियरों के कुल नुकसान को 6.5 फीसदी कम करके आंका गया था। जबकि इस नुकसान का आंकड़ा 2.7 गीगाटन से भी काफी ज्यादा था। हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियरों के अध्ययन के बाद खुलासा हुआ है कि यहां विभिन्न इलाकों में अधिकतर ग्लेशियर अलग-अलग दर पर पिघल रहे हैं। सरकार ने भी माना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण हिमालयी ग्लेशियरों के पिघलने का न सिर्फ हिमालय की नदी प्रणाली के बहाव पर प्रतिकूल गंभीर प्रभाव पड़ेगा बल्कि इसके चलते प्राकृतिक आपदाओं में भी काफी बढ़ोतरी होगी जिसका आम जन मानस पर व्यापक दुष्प्रभाव पड़ेगा। सरकार ने इसका खुलासा ग्लेशियरों का प्रबंधन देखने वाली संसद की स्थायी समिति को किया है। संसद की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग ने हिमालय में ग्लेशियरों के लगातार पिघलने, उनके पीछे खिसकने और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण में ग्लेशियरों के द्रव्यमान संतुलन में यह पाया है कि इस हिमालय अंचल में ग्लेशियर विभिन्न क्षेत्रों में अलग- अलग दर से अपने स्थान से खिसक रहे हैं या यूं कहें कि वे अलग- अलग गति से पिघल रहे हैं। **(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की दबंगई और दादागिरी नहीं होगी बर्दाश्त

# अब क्वॉड के चक्रव्यूह में फंस गया ड्रैगन



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *“समझना होगा कि क्वाड के सदस्य देश अपने पहले वर्चुअल सम्मेलन के दौरान ही चीन को अपने हद में रहने की सलाह दे चुके हैं। तब अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा था कि आस्टेªलिया के साथ चीन की आक्रामकता, जापान के सेनकाकू द्वीपों के आसपास उत्पीड़न और भारत के साथ सीमा पर तनातनी को लेकर अमेरिका किसी भ्रम में नहीं है।”*

गत दिनों पहले क्वॉड (क्वाड्रिलेटरल सेक्युरिटी डायलॉग) देशों द्वारा चीन को स्पष्ट रूप से चेताया जाना कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसकी दबंगई और दादागिरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, कुलमिलाकर दुनिया के लिए शुभ संकेत है। क्वॉड के सदस्य देशों में शामिल जापान, अमेरिका, भारत और आस्टेलिया के विदेश मंत्रियों ने तोक्यों में संपन्न बैठक में ठान लिया है कि आजाद व खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे और किसी भी चुनौती का मिलकर मुकाबला करेंगे। गौर करें तो सदस्य देशों का इशारा उस चीन की तरफ है जो लगातार इस क्षेत्र में अपने प्रभाव का विस्तार कर क्षेत्रीय संप्रभुता को चुनौती परोस रहा है। अच्छी बात यह भी रही कि सदस्य देशों ने न सिर्फ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बल्कि दक्षिण चीन सागर में भी चीन के कुत्सित दांव-पेंच को लेकर चिंता जताई है।

दरअसल, चीन इस इलाके में उन ज्यादतर हिस्सों पर अपना दावा पेश करता है जिसे लेकर फिलीपींस, मलेशिया, ब्रुनेई और वियतनाम का कहना है कि यह इलाका उनका है। चीन यहां नकली द्वीप बनाकर अपने सैनिकों को तैनात कर रहा है। इसी खतरे को भांपते हुए क्वॉड के सदस्य देशों ने रणनीति के तहत इस क्षेत्र में संतुलन बनाए रखने की नीति में तेजी लायी है। देखें तो क्वाड के सदस्य देशों में कोई ऐसा नहीं है जिसका चीन से तनातनी न हो। बहरहाल हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्वॉड देशों की नई गोलबंदी से चीन उत्तेजित है और नाराजगी जाहिर करते हुए बार-बार कह रहा है कि क्वॉड देश इस क्षेत्र में तनाव बढ़ा रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि इस क्षेत्र की संप्रभुता को मिल रही चुनौती के लिए एकमात्र चीन ही जिम्मेदार है। उसके द्वारा निर्मित इस परिस्थिति से निपटने के लिए ही क्वॉड जैसे संगठन की जरुरत महसूस की गई। याद होगा 2007 में भारतीय संसद को संबोधित करते हुए जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो अबे ने स्पष्ट रुप से कहा था कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उभरती सामरिक चुनौतियों से निपटने के लिए हम सभी को तैयार रहना होगा। उनकी दूरदर्शी सोच और परिकल्पना ही आगे चलकर क्वॉड के गठन का आधार बनी। गौर करें तो क्वॉड के गठनकाल से ही चीन की बेचैनी बढ़ी हुई है। उसे लग रहा है कि क्वाड में शामिल देश उसके खिलाफ साजिश रच रहे हैं।

वह क्वाड को एक उभरता हुआ 'एशियाई नाटो' के तौर पर देख रहा है। वह जानता है कि क्वाड की मजबूती से इस क्षेत्र में उसकी मनमानी पर नियंत्रण लगेगा और समुद्र के जरिए दुनिया पर राज करने की उसकी मनोकामना पूरी नहीं होगी। यह सच्चाई भी है कि क्वॉड का लक्ष्य प्रशांत महासागर, अमेरिका और आस्टेलिया में विस्तृत नेटवर्क के जरिए जापान और भारत के साथ मिलकर इस क्षेत्र में एक ऐसा वातावरण निर्मित करना है जिससे एक स्वतंत्र, खुली और समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त हो। नेविगेशन की स्वतंत्रता हो तथा ओवर- फ्लाइट एवं आसियान के निर्माण को लेकर काम किया जाए। समझना होगा कि क्वाड के सदस्य देश अपने पहले वर्चुअल सम्मेलन के दौरान ही चीन को अपने हद में रहने की सलाह दे चुके हैं। तब अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा था कि आस्टेलिया के साथ चीन की आक्रामकता, जापान के सेनकाकू द्वीपों के आसपास उत्पीड़न और भारत के साथ सीमा पर तनातनी को लेकर अमेरिका किसी भ्रम में नहीं है। वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हर परिस्थितियों से निपटने को तैयार है। याद होगा गत वर्ष इसी क्षेत्र में अमेरिका समेत 13 देशों ने 'हिंद-प्रशांत आर्थिक समूह' (आईपीईएफ) व्यापारिक समझौते को आकार देकर चीन की बढ़ती दादागीरी और धौंसबाजी पर निर्णायक लगाम लगाने की कवायद की थी। इस आर्थिक ढांचे से जुड़ने वाले देशों में अमेरिका के अलावा आस्टेलिया, ब्रुनेई, भारत, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलिपीन, सिंगापुर, थाइलैंड और वियतनाम शामिल हैं। किसी से छिपा नहीं है कि दुनिया भर के प्राकृतिक संसाधनों पर गिद्ध दृष्टि लगा बैठे चीन इस क्षेत्र में चोरी-छिपे मछलियों का बड़े पैमाने पर शिकार कर रहा है। इस क्षेत्र में नब्बे फीसदी से अधिक मछलियों के शिकार के लिए एकमात्र बीजिंग ही जिम्मेदार है। उसके जहाज जबरन विशेष आर्थिक जोन की सीमा में प्रवेश कर जाते हैं और पर्यावरण के साथ-साथ बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान को अंजाम देते हैं। चीन की इस हरकत से सभी देश परेशान है। दूसरी ओर वह इस इलाके में सुरक्षा बेड़ा खड़ा कर अन्य देशों की संप्रभुता और सुरक्षा को चुनौती दे रहा है। ऐसे में उस पर नकेल कसना बेहद जरुरी हो गया है। अच्छी बात है कि इस क्षेत्र के सदस्य देशों के बीच सहमति बनती जा रही है। सभी देश सैटेलाइट सिस्टम का इस्तेमाल कर चीन की हरकतों पर लगाम कसने को तैयार हैं। द्वीपीय देशों का भारत के साथ आने से चीन की बेचैनी और छटपटाहट और बढ़ेगी। लेकिन जिस तरह से हिंद- प्रशांत क्षेत्र के देश चीन के खिलाफ मोर्चा बना रहे हैं उससे स्पष्ट है कि इस क्षेत्र में अब चीन की दादागीरी नहीं चलने वाली है। चीन के खिलाफ यह पहल इसलिए भी आवश्यक है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक अर्थव्यवस्था की मुख्य धुरी है। मौजूदा समय में यह क्षेत्र भू-राजनीतिक व सामरिक रुप से वैश्विक शक्तियों के मध्य रण का क्षेत्र बना हुआ है। इस क्षेत्र की जनसंख्या विश्व की जनसंख्या के तकरीबन एक तिहाई से ज्यादा है। विश्व के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 60 फीसदी और विश्व व्यापार का 75 फीसदी कारोबार इसी क्षेत्र से होता है। देखें तो इस क्षेत्र में अवस्थित बंदरगाह विश्व के व्यस्ततम बंदरगाहों में शुमार हैं। यह क्षेत्र इसलिए भी सर्वाधिक महत्वपूर्ण है कि यहां उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने वाले क्षेत्रीय व्यापार और निवेश की अपार संभावनाएं हैं। किसी से छिपा नहीं है कि यह क्षेत्र उर्जा व्यापार के लिहाज से भी इस क्षेत्र के देशों के लिए अति संवेदनशील है। ऐसे में इस क्षेत्र को आर्थिक व सामरिक दृष्टि से सुरक्षित रखने के लिए ही क्वाड के अलावा 'हिंद-प्रशांत आर्थिक समूह' और 'भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग' जैसे नए- नए गठजोड़ आकार ले रहे हैं। तथ्य यह भी कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र को 'मुक्त एवं स्वतंत्र' क्षेत्र बनाने के लिए अमेरिका भारत-जापान संबंधों के महत्व को सार्वजनिक रुप से स्वीकार चुका है तथा साथ ही अमेरिका के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र की नीति सर्वोच्च प्राथमिकता में है। दो राय नहीं कि विगत दशकों में अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के मंच पर चीन की विशिष्ट पहचान बनी है और वह आर्थिक सुधारों के जरिए विश्व की एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। लेकिन अब वह जिस आक्रामक तरीके से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी दखलदांजी बढ़ा रहा है उससे अमेरिका, भारत, आस्टेलिया, जापान के अलावा इस क्षेत्र से जुड़े अन्य देशों का चिंतित होना लाजिमी है।

पाश्चात्य अर्थशास्त्रियों और रक्षा विषेशज्ञों की मानें तो चीन भूमंडलीकृत अर्थव्यवस्था के समानान्तर ध्रुव के एक नए धुमकेतु के रुप में उभरकर अपने पड़ोसियों को परेशान करने की योजना पर काम कर रहा है। उसके निशाने पर मुख्य रुप से भारत, फ्रांस, आस्टेलिया और जापान है। चीन इन देशों की मौजूदा गोलबंदी को समझ रहा है इसीलिए वह इन देशों की भू-संप्रभुता व सामुद्रिक सीमा का लगातार अतिक्रमण कर रहा है। **(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# हे प्रभु, उसे अगले जनम शुतुरमुर्ग ना कीजै!



डॉ. प्रदीप उपाध्याय
व्यंग्यकार

मैं बात-बात पर परेशान हो जाता हूं जब लोग अपने घर की बात छोड़कर बात-बे-बात मशविरा देने आ पहुंचते हैं। मैं अपनी मौज-मस्ती में इनका किसी प्रकार का दखल पसंद नहीं करता क्योंकि मैं अपने आप में मस्त हूं, मदमस्त।मेरी सोच तो यही है कि आग लगे बस्ती में,अपन चलें मस्ती में।

मुझे क्या करना कि पड़ोस में आग लगी हुई है।आग तो लगती रहती है।आज इस पड़ोसी के यहां लगी है,कल उसके यहां लगी थी तो परसों किसी ओर के। मैं तो तंग आ गया हूं ऐसे पड़ोसियों के मोहल्ले से जहां बात-बे-बात आग लगती ही रहती है। अब यह आग खुद पड़ोसी लगाए या दूसरा कोई और लगा जाए, अपने को क्या!पड़ोसी भी तो ऐसे ही हैं जो खुद ही अपने घरों में चिंगारी भड़कने देते हैं और घर में आग लगा बैठते हैं।भला ऐसे में मैं क्या कर सकता हूं।

मुझे गुस्सा भी आता है कि लोग आकर मुझसे ही कहते हैं कि देखना कहीं यह पड़ोस की आग तुम्हारे घर को ही न लें बैठे। मैं सोच ही नहीं पा रहा हूं और न ही किसी नतीजे पर पहुंच पा रहा हूं कि ऐसा कहने वाले मेरे हितैषी हैं, शुभचिंतक हैं या फिर शत्रु!जो भी हो,मुझे क्या करना! पड़ोसी के यहां आग लगी है तो लगती रहे । पहले भी लगी है।लगती रहती है।लोग सचेत करते भी रहे कि देखो भाई पड़ोस में चिंगारी सुलग रही है। मैंने उपेक्षा भाव से कहा भी कि इससे अपना क्या वास्ता और वैसे भी चिंगारी ही तो है,आग तो नहीं लगी है। मैंने उनका जमाने भर में बहुत मखौल भी उड़ाया था।

अब जब पड़ोस में फिर आग लगी है तो वे मुझे सचेत करने आ धमके हैं लेकिन मैंने उनसे कह दिया है कि आग पड़ोस में ही तो लगी है।मेरे घर में तो नहीं लगी है।आप नाहक मुझे क्यों डरा रहे हो।जो आग बुझा सके,उनसे कहो। पड़ोसी को बताओ।उसके घर लगी आग बुझाने में मदद करो।यह भी कोई बात है कि हर बार मुझे ही डराने आ जाते हो!अपने ही लोग डराने लगे हैं कि भाई,आग तो तुम्हारे घर तक भी पहुंच सकती है।उनको मालूम होना चाहिए कि हमारा घर पक्का और मजबूत है। आस-पास देखकर भी यही लगता है कि आग फैलने का कोई खतरा नहीं है।

लेकिन नहीं,वे खौफ पैदा कर रहे हैं कि घर के भीतर -बाहर और आसपास बहुत ज्वलनशील पदार्थ जमा हो गया है किन्तु मुझे तो आज तक दिखाई ही नहीं दिया है तो मैं कैसे मान लूं और फिर मुझे तो भरोसा है कि आग को फैलने से रोक दिया जाएगा। बावजूद इसके वे मानने को तैयार ही नहीं हैं कि आग बूझ भी सकेगी।

हां,वे मुझे जब समझाते-समझाते परेशान हो गए तो जाते-जाते यह जरूर कह गए कि तुम्हें इस जन्म में तो तुफान का अंदेशा नहीं हो पाएगा क्योंकि तुम अपना सिर रेत में धंसाए हुए हो। निश्चित ही इस जन्म में तो तुम नहीं सुधर सकोगे,हम तुम्हारे अगले जन्म के लिए जरूर ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि अगले जनम तुम जैसे लोगो को शुतुरमुर्ग ना बनाएं! और मैं विस्मय के साथ उन्हें देखता रह गया।

## नॉलेज कॉर्नर: रानी से रामदेवरा तक राजमार्ग के दोनों ओर नीम के वृक्ष उगाने का भगीरथी कार्य

# पौधों से मार्ग का कायाकल्प



गुलाब बत्रा
वरिष्ठ पत्रकार

मानसून में वृक्षारोपण की गूंज सुनाई देने लगी है। सरकारी एवं गैर सरकारी स्तर पर विविध प्रयासों की तैयारी बहुत पहले की जाती है। वृक्षारोपण के मूल में बीज है। नर्सरी मे तैयार किए गए पौधों को आवश्यकतानुसार रोपा जाता है। इसलिए इस जन अभियान को वृक्षारोपण की अपेक्षा पौधारोपण कहा जाना उचित होगा। बीज से पौधा और वृक्ष के रूप में परिवर्तित होने अथवा बीज के कायाकल्प की यात्रा दिलचस्प है। हर साल मानसून में राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों में लाखों करोड़ पौधे लगाये जाते है। अगले वर्षो में ऐसे पौधो के पनपने तथा जीवित रूप में निरंतर बढ़ने की निगरानी का अपेक्षाकृत कम ध्यान रखा जाता है। नतीजतन उपेक्षित पौधों की अकाल मौत हो जाती है। इसके बावजूद पौधारोपण से जुड़े आंकडो की बरसात को लेकर दावे-प्रतिदावे किए जाते है। अब तो जमीनी सच्चाई का पता सुदूर संवेदन तकनीक (रिमोट सेसिंग पद्वति) से लगाना आसान हो गया है।




आपातकाल के दौरान युवक कांग्रेस नेता संजय गांधी के पांच सूत्रीय कार्यक्रम में वृक्षारोपण पर विषेष बल दिया गया। राजस्थान में सरकारी स्तर पर पौधारोपण का प्रचार प्रसार किया गया। तत्सम्बन्धी सरकारी विज्ञप्तियों से किए गए विष्लेषण से वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय आदित्येन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि व्यापक वृक्षारोपण से औसतन हर घर में साढे तीन पेड़ होने चाहिए। लेकिन हकीकत अलग थी। समय-समय पर ऐसे अनेक उदाहरण मीडिया की सुर्खी बने है। गैर सरकारी स्तर पर वृक्षारोपण के कई अनूठे प्रयास किए गए है। राजधानी जयपुर में पर्यावरण प्रेमी स्वर्गीय मदनलाल पंजाबी ने जवाहर नगर में नीम की वृक्षावली विकसित करने के साथ पेड़ो का जन्मदिन मनाने की अनूठी पहल की। पष्चिमी राजस्थान में समाजसेवी उद्यमी स्वर्गीय किषोरमल खीमावत की पहल पर नीम के वृक्षों का जाल बिछाया गया है जिसकी झलक आने वाले वर्षो में जयपुर तक दिखाई देगी। पाली जिले के पैतृक गांव रानी से फालना तक 2002 में नीम वृक्षों के रोपण से यह अभियान शुरू हुआ। रानी से जैसलमेर के रामदेवरा तक राजमार्ग के दोनों ओर नीम के वृक्ष उगाने का भगीरथ कार्य हाथ में लिया गया। मध्यकाल के समाज सुधारक बाबा रामदेव के गुरू बालीनाथ जी की जोधपुर के मसूरिया स्थित समाधि मन्दिर स्थल से नीम के कुछ बड़े पौधे लगाकर बड़े होने तक उनक समुचित देखभाल की व्यावहारिक व्यवस्था की गई। आने वाले वर्षो में मसूरिया आकलिया, कालीबेरी, नारवा, इन्द्रोका, तिवरी, घेवड़ा,देचू पोकरण होते हुए रामदेवरा तक लगभग 400 किमी लम्बाई में इस वृक्षावली का विस्तार किया गया। आवश्यकतानुसार क्षेत्रो में नर्सरी स्थापित की गई तथा पौधे तैयार कर उनका रोपण किया गया। पौधारोपण से पहले क्षेत्र विषेष में उपलब्ध भूमि में आवश्यकतानुसार 2 से 3 फिट गहराई में खडडे खोदे गये। इन खडडो में से एक से डेढ़ फिट मिट्टी बाहर निकालकर शेष मिट्टी को नरम करते हुए उसमे खाद एवं कीटनाषक का छिड़काव करते हुए पानी भरा गया। इससे जमीन की गर्मी शांत हुई और पौधा लगाने की तैयारी की गई। पौधा लगाने के साथ ही उसकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाये गये। नीम वृक्ष के फैलाव को देखते हुए पौधारोपण में पर्याप्त दूरी रखी गई। नियमित रूप से टैंकरो से पानी पिलाने और पेड़ का तना करीब आधा फिट होने पर उसे स्वतंत्र छोड़ा गया। पाली से जोधपुर हाइवे, सिरोही से पिण्डवाड़ा और प्रसिद्व रणकपुर मन्दिर तथा सांडेराव से पाली होते हुए ब्यावर तक नीम की वृक्षावली लगाई जा चुकी है। अगले वर्ष से यह वृक्षावली जयपुर की ओर विस्तार लेगी। किषोर खीमावत का 2012 में निधन हो गया लेकिन उनके ट्रस्ट श्री राज राजेन्द्र बसंती देवी किषोर मल खीमावत चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वृक्षारोपण सहित सामाजिक सरोकारों से जुडे अन्य कार्य हाथ मे लिए जा रहे है।

## X



**स्वामी अवधेशानंद, संत,** आध्यात्मिक गुरु
@AvdheshanandG
प्रत्येक चुनौती और कठिनाइयों का विवेक और साहस के साथ सामना करें । हर चुनौती शारीरिक, मानसिक सामर्थ्य वृद्धि और विकास के नूतन अवसर लाती है।कठिन परिस्थितियों में भी सहज स्थिर और संतुलित रहने का प्रयास करें । शान्त, व्यवस्थित और अनुशासित मन लक्ष्यसिद्धि के लिए बड़ा साधन है



**गौर गोपाल दास**
@gaurgopald
दुख अपरिहार्य है, लेकिन कष्ट वैकल्पिक है।, आइए अपने जीवन को सकारात्मकता और खुशियों की छोटी-छोटी चिंगारी से भरें। हालाँकि ये क्षण हमारी नकारात्मकता और दर्द को मिटा नहीं सकते हैं, लेकिन वे हमें अनुग्रह के साथ उनका सामना करने और उन पर काबू पाने की शक्ति दे सकते हैं।

मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में कांग्रेस पदाधिकारियों व प्रदेश अध्यक्षों की बैठक आज नई दिल्ली में

# चार राज्यों में चुनावी तैयारियों की बनेगी योजना, रणनीति पर होगा मंथन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश के चार राज्यों महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में जल्द ही होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस ने अभी से ही तैयारी करना शुरू कर दिया है। पार्टी इन राज्यों में आक्रामक प्रचार अभियान की योजना बना रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस सिलसिले में विचार मंथन के लिए पार्टी पदाधिकारियों की 13 अगस्त को नई दिल्ली में एक बैठक बुलाई है। खरगे की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में पार्टी महासचिवों, प्रभारियों और सभी प्रदेश अध्यक्षों को बुलाया गया है। बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों की योजना तैयार की जाएगी। कांग्रेस नेताओं के अनुसार एक आंतरिक आकलन के मुताबिक इन राज्यों में पार्टी अच्छी स्थिति में है। कांग्रेस इस वक्त विधानसभा चुनाव को लेकर आत्मविश्वास से भरी हुई है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि योजना के तहत एक बड़ा संदेश देने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती 20 अगस्त को



मुंबई में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होने की संभावना है। इसके अलावा राहुल गांधी और पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे की चारों राज्यों में रैलियां आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। हाल ही में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सांसदों की एक बैठक के दौरान कहा था कि देश की सबसे पुरानी पार्टी चार राज्यों में आरामदायक स्थिति में है, लेकिन उसे आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए। कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि, हरियाणा में हमारा अभियान मजबूती से चल रहा है। राज्य के सभी वरिष्ठ नेता जमीनी स्तर पर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। हमें टिकट चाहने वालों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है, जो पार्टी में जनता के विश्वास को दर्शाता है। राहुल गांधी और खरगे की रैलियां भी होंगी।

### झारखंड में 35 सीटों पर ध्यान होगा केंद्रित

झारखंड में, राहुल गांधी इस महीने के अंत तक कांग्रेस यात्रा शुरू कर सकते हैं, जिसमें लगभग 35 विधानसभा सीटों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस सीटों पर कांग्रेस पार्टी झामुमो और राजद के साथ गठबंधन के तहत ध्यान केंद्रित कर रही है। ज्ञात रहे कि राहुल गांधी ने 10 अगस्त को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद 11 अगस्त को एआईसीसी प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मुख्यमंत्री के साथ आगामी चुनावों पर चर्चा की।

### महाराष्ट्र में क्षेत्रवार कार्यकर्ता सम्मेलन

वहीं महाराष्ट्र में कांग्रेस ने क्षेत्रवार कार्यकर्ता सम्मेलन शुरू कर दिया है, जो आने वाले दिनों में विदर्भ, लातूर, नांदेड़, अमरावती और मुंबई क्षेत्रों को कवर करेगा। इस बारे में मुंबई कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष चरण सिंह सापरा ने कहा, इस अभ्यास का उद्देश्य आगामी चुनावों के लिए जमीन तैयार करना है। कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया जाता है और हमें जमीनी स्तर के मुद्दों के अलावा इस बात की भी जानकारी मिलती है कि वहां कौन मजबूत दावेदार हैं। 20 अगस्त को एक बड़े शो की योजना बनाई जा रही है। चुनावी राज्यों पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा, हिंडेनबर्ग की नवीनतम रिपोर्ट में अडाणी समूह के खिलाफ लगाए गए नए आरोपों को लेकर देशव्यापी आंदोलन की भी योजना बनाई जा सकती है।

---

## मैं सिर्फ चेक से लेता हूं चंदा: प्रशांत किशोर



**पटना।** चुनावी रणनीतिकार और जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने दावा किया है कि जन सुराज के दो साल से चल रहे अभियान पर खर्च हुआ सारा पैसा सफेद धन है क्योंकि वो सिर्फ चेक से चंदा लेते हैं और चेक से ही बिल और सैलरी का भुगतान करते हैं। उन्होंने ऐलान किया कि अभियान के बाद वो सारे चंदों का हिसाब जारी करेंगे जिससे पता चल जाएगा कि किसने कितना दिया और कहां खर्च हुआ। प्रशांत ने कहा कि पिछले 10 साल में उन्होंने जिन लोगों के साथ काम किया और जिन लोगों ने उनके साथ काम किया, देश भर में फैले उन सारे लोगों से वो चंदा मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि जन सुराज के उम्मीदवारों को वो दूसरे दलों से प्रचार, संगठन और पैसा में कमजोर नहीं पड़ने देंगे।

## उप चुनाव: सपा के छह सीटों पर प्रभारी घोषित

**लखनऊ।** यूपी में दस सीटों के लिए होने वाले उपचुनावों के लिए सपा ने छह सीटों पर प्रभारियों की घोषणा कर दी है। चार सीटों पर घोषणा होनी बाकी है। शिवपाल यादव को कटहरी विधानसभा सीट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मिल्कीपुर की जिम्मेदारी फैजाबाद सीट से हाल ही बने सांसद अवधेश प्रसाद को दी गई। वीरेंद्र सिंह को मझवां सीट की जिम्मेदारी दी गई है। चन्द्रसेन यादव को करहल विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। इन्द्रजीत सरोज को फूलपुर का प्रभारी बनाया गया है। कानपुर की सीसामऊ सीट पर राजेंद्र कुमार को यह जिम्मेदारी दी गई है। इससे इस बात के भी कयास लगने शुरू हो गए हैं कि क्या ये सीटें कांग्रेस के कोटे में जा सकती हैं। मालूम हो कि कांग्रेस और सपा के बीच सीटों के बंटवारे की बात चल रही है। भाजपा सभी दस सीटों पर पहले ही प्रभारी घोषित कर चुकी है।

---

हरियाणा विधानसभा चुनाव: भाजपा की नई पहल

# कार्यकर्ताओं ने की वोटिंग... प्रत्याशी के लिए बताए अपनी पसंद के 3 नाम

**एजेंसी** | चंडीगढ़

लोकसभा चुनाव में लगे झटके बाद भाजपा चार राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बहुत संभलकर कदम उठा रही है। पार्टी प्रत्याशियों के चयन को लेकर संभावित विवाद को टालने के लिए इस बार नई रणनीति अपना रही है। इसके लिए पार्टी ने हरियाणा में रविवार को जिला स्तर पर सर्वे कराया और जिला मुख्यालयों पर मतदान करा पार्टी के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से प्रत्याशी के लिए अपनी पसंद के तीन नाम लिखकर देने को कहा गया। दरअसल, पार्टी में टिकट के दावेदारों की भी लंबी सूची है। ऐसे में उनकी स्क्रीनिंग के लिए यह एक तरीका पार्टी ने निकाला है।

ज्ञात रहे कि इस बार भाजपा हरियाणा में अकेले ही सभी सीटों पर चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में है। उसका जजपा से गठबंधन पहले ही टूट चुका है। हालांकि, पिछली बार भी यह गठबंधन चुनाव के बाद ही बना था क्योंकि पहले भाजपा अकेले ही चुनाव में उतरी थी, लेकिन पूर्ण बहुमत न मिलने पर गठबंधन सरकार बनाई थी।



### इसलिए की यह पहल

हाल में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में झटका था और इसकी एक वजह उम्मीदवारों के चयन असंतोष को भी माना गया। पार्टी की आंतरिक रिपोर्ट में भी कहा गया था कि भाजपा ने कई ऐसे चेहरों को रिपीट किया था, जिनसे जनता नाराज थी। इसका खामियाजा तमाम सीटों पर हार के तौर पर दिखा। इसलिए अब पार्टी अब उम्मीदवारों के चयन में नया प्रयोग कर रही है और सीधे स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को इस प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है।

### कार्यकर्ताओं को भरोसे में लेने की कवायद

सूत्रों के अनुसार पार्टी ने इसके लिए राज्य इकाई, जिला, मंडल और तमाम मोर्चों के नेताओं को बुलाया था। इसके अलावा पूर्व विधायक, सांसद और स्थानीय निकायों में प्रतिनिधियों ने भी वोट डाले। इन नेताओं से पूछा गया था कि वे बताएं कि अपने विधानसभा क्षेत्र में आप किन तीन नेताओं को टिकट का दावेदार मानते हैं। इन लोगों को एक स्लिप दी गई थी, जिनमें तीन नाम भरने की जगह थी। इन स्लिपों में तीनों नाम भरने के बाद उसे बॉक्स में डाल दिया गया। भाजपा के एक नेता बताया कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि कार्यकर्ताओं को भरोसे में लिया जा सके। वे खुद को पार्टी की रणनीति में शामिल मान कर चलें और चुनाव में अच्छी मेहनत करें।

### हरियाणा पहुंची चुनाव आयोग की टीम

जम्मू कश्मीर का दौरा करने के बाद चुनाव आयोग की टीम हरियाणा पहुंच गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अगुवाई में यह दल राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेगी जिसके बाद जल्द ही विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है। चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। आयोग ने बताया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉक्टर एस एस संधू सोमवार को चंडीगढ़ पहुंचे हैं जहां वह चुनावी तैयारियों का जायजा लेंगे।

### बीपीएल परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को 'हर घर हर ग्रहणी योजना' पोर्टल लॉन्च कर दिया। इसके तहत राज्य में अब अंत्योदय परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। इस योजना के तहत हरियाणा के लगभग 50 लाख बीपीएल परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। 500 रुपए से अधिक की कोई भी राशि सरकार की ओर से डीबीटी के जरिए सब्सिडी के रूप में हर महीने लाभार्थी के खाते में डाली जाएगी। इस योजना के तहत हरियाणा सरकार सालाना 1500 करोड़ रुपए खर्च करेगी।

---

विस चुनाव को लेकर अहम फैसला

# भाजपा ने फडणवीस को सौंपी सीटों के बंटवारे की जिम्मेदारी



**एजेंसी** | मुंबई

भाजपा के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे और सहयोगियों के साथ बातचीत पर निर्णय लेंगे। भाजपा की कोर कमेटी की रविवार रात हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। भाजपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा है कि इस कदम का उद्देश्य कुछ महीनों में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों में अवांछित देरी को रोकना है। उन्होंने कहा कि कोर कमेटी की बैठक में सीटों के बंटवारे और विधानसभा क्षेत्रों के चयन से संबंधित सभी निर्णय लेने की शक्तियां फडणवीस को सौंपी गई हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में फडणवीस को पूरा अधिकार दिया गया है। पार्टी पर्यवेक्षक और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव विनोद तावड़े, केंद्रीय मंत्री और मुंबई उत्तर के सांसद पीयूष गोयल भी बैठक में शामिल हुए। शेलार ने कहा, हमने उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए एनडीए के सभी घटकों के साथ योजना, चर्चा और निर्णय लेने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करके समय बचाने का फैसला किया है। उम्मीदवारों की सूची उचित समय पर जारी की जाएगी।

### लोस चुनाव में लगा था झटका

भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति, में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी भी शामिल है। हाल के संसदीय चुनावों में महायुति राज्य की 48 लोकसभा सीटों में से केवल 17 सीटें जीत सकी थी। भाजपा की सीटें पांच साल पहले के मुकाबले 23 से घटकर 9 रह गईं।

---

AAP विधायकों की बैठक...विधानसभा चुनाव की तैयारी, पदयात्रा कल से

# एक्शन में सिसोदिया, चुनावी रणनीति पर मंथन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया दिल्ली आबकारी नीति मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के साथ ही दिल्ली के अगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं। इसी सिलसिले में उन्होंने सोमवार शाम को आम आदमी पार्टी के सभी विधायकों के साथ बैठक की और संभावित रणनीति पर पार्टी विधायकों के साथ मंथन किया। बैठक में सुनीता केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी वरिष्ठ नेता शामिल हुए। ज्ञात रहे कि आम आदमी पार्टी पहले ही यह कह चुकी है कि वह दिल्ली विधानसभा के चुनाव अपने बूते



पर ही लड़ेगी। सिसोदिया ने कहा कि हमें पूरी ताकत से लोगों के बीच जाना है। हम 14 अगस्त से पदयात्रा शुरू करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप पाठक ने बैठक में हुई चर्चा की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में सभी विधायक आए थे। सभी ने कहा कि वे पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे। हम भाजपा को दिखा देंगे कि पार्टी तोड़ने से कोई फायदा नहीं होने वाला है। आम आदमी पार्टी पहले से कहीं अधिक ताकत के साथ उभरेगी। हम 14 अगस्त को पदयात्रा शुरू करेंगे क्योंकि दिल्ली के लोग मनीष सिसोदिया से मिलना चाहते हैं।

### विधायकों के काम की भी हो रही समीक्षा

विधायकों के प्रदर्शन को लेकर पूछे गए सवाल पर संदीप पाठक ने कहा कि विधायकों के कामकाज के बारे में पार्टी लगातार समीक्षा करती रहती है। बीते 10 वर्षों में आम आदमी पार्टी ने जितने काम किए हैं, उतने इस देश के इतिहास में किसी पार्टी ने नहीं किया। भाजपा की लाख कोशिशों के बावजूद सारे काम हुए हैं। आज सवाल यह है कि क्या जनता तानाशाही को वोट देना चाहेगी। वहीं आप नेता गोपाल राय ने कहा, चूंकि सीएम केजरीवाल जेल में हैं, इसलिए यह तय किया गया है कि दिल्ली की मंत्री आतिशी 15 अगस्त को सरकार की ओर से ध्वजारोहण करेंगी।

---

हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट पर BJP का पलटवार

# भाजपा ने कांग्रेस पर शेयर बाजार को अस्थिर करने का लगाया आरोप

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि भारत के जाने-माने आलोचक जॉर्ज सोरोस हिंडनबर्ग में एक प्रमुख निवेशक हैं और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाने के लिए जाना जाता है। प्रसाद ने कांग्रेस पर शेयर बाजार को अस्थिर करने और छोटे निवेशकों



को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया।

ज्ञात रहे कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और मामले की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराने की मांग की थी।

प्रसाद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के इस रुख को दोहराया कि शॉर्ट सेलिंग कंपनी का आरोप और विपक्ष द्वारा बाजार नियामक सेबी की आलोचना एक व्यापक साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक स्तर पर एक सुरक्षित, स्थिर और बेहतर बाजार के तौर पर देखा जा रहा है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ऐसा माहौल बनाना चाहती है कि भारत का निवेश परिदृश्य सुरक्षित नहीं है।

---

महाराष्ट्र की डायरी

# मराठा आरक्षण के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाएं CM शिंदे: शरद पवार

■ आरक्षण में 50 फीसदी की सीमा को खत्म करने की हिमायत

**एजेंसी** | पुणे

महाराष्ट्र में इस साल अक्टूबर नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं और इससे पहले आरक्षण का मुद्दा गरमाने लगा है। मराठा आरक्षण के लिए तेज होती मांग के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को कहा कि यदि केंद्र सरकार आरक्षण की 50 फीसदी सीमा को खत्म करने के लिए बिल लाती है तो राज्य के सभी दल उसका साथ देंगे। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मराठा और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों के बीच आरक्षण विवाद के मुद्दे पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने का आग्रह किया है। पवार की यह टिप्पणी अगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर अहम मानी जा रही है। महाराष्ट्र के अलावा झारखंड, हरियाणा और जम्मू कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव होने हैं और राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि इन चुनावों में विपक्षी दलों द्वारा आरक्षण व जातीय जनगणना का मुद्दा खासतौर से उठाए जाएगा।

पवार ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उन्होंने हाल



ही में मुख्यमंत्री के साथ बैठक की और सुझाव दिया कि वह आरक्षण विवाद के मुद्दे पर चर्चा के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाएं। मैंने सुझाव दिया है कि उन्हें उन नेताओं को आमंत्रित करना चाहिए जिन्हें वह उचित समझते हैं और हम, विपक्ष के रूप में भी इसमें शामिल होंगे और सहयोग करेंगे। पवार ने कहा कि राज्य का सामाजिक ताना-बाना सद्भावपूर्ण बना रहे और समुदायों के बीच कोई कड़वाहट पैदा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री को बैठक में मराठा कोटे के लिए आंदोलन कर रहे मनोज जारांगे पाटिल और छगन भुजबल जैसे ओबीसी नेताओं को बुलाना चाहिए। हमें इस मीटिंग में आरक्षण के मसले पर समाधान को लेकर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह समस्या रही है कि जब भी आरक्षण 50 फीसदी पार करता है तो उस पर सुप्रीम कोर्ट की 50 फीसदी वाली लिमिट लागू हो जाती है। इसलिए केंद्र सरकार ही इस मामले में कुछ कर सकती है। इस बीच, मराठा क्रांति ठोक मोर्चा के कार्यकर्ता रमेश केरे पाटिल ने पुणे में पवार के आवास पर उनसे मुलाकात की और आरक्षण के मुद्दे पर उनका रुख जाना। इसके बाद ही राकांपा (एसपी) प्रमुख ने मीडिया को संबोधित किया। पवार ने कहा कि उन्होंने केरे पाटिल द्वारा दिए गए ज्ञापन को स्वीकार कर लिया है।

### पवार के घर के बाहर प्रदर्शन फडणवीस की साजिश: जरांगे

इस बीच, मराठा आरक्षण को आंदोलन के सूत्रधार मनोज जरांगे पाटिल ने पुणे में शरद पवार के घर के बाहर मराठा समुदाय का प्रदर्शन को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की साजिश बताया है। जरांगे ने कहा कि मराठा समुदाय एकजुट है। जरांगे ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस का एक ही सपना है कि वो मराठा समाज को बांटना चाहते हैं। लेकिन मराठा में कोई विभाजन नहीं होगा। जब तक मैं हूं, फडणवीस का सपना पूरा नहीं होने दूंगा।

### राज ठाकरे पर जातीय मतभेद पैदा करने का आरोप

राकांपा (एसपी) ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे की आलोचना करते हुए उन पर राज्य में दरार और जाति आधारित मतभेद पैदा करने का आरोप लगाया और सवाल किया कि बिना किसी कारण के उनका नाम इस मुद्दे में क्यों घसीटा गया? उन्होंने पार्टी नेता एवं पूर्व मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी परमबीर सिंह के आरोपों को गैरजिम्मेदाराना बताया। उन्होंने कहा, चूंकि उनका (सिंह का) आचरण अनुचित था, इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई। लोकसभा में पेश किए गए वक्फ (संशोधन) विधेयक पर पवार ने कहा कि मसौदा विधेयक की समीक्षा के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति बनाई गई है और यह छह महीने में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

## जरूरी खबर

### डॉ. होमी भाभा के पेन, कलाकृति की होगी नीलामी

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख वैज्ञानिक रहे डॉ. होमी भाभा के दुर्लभ सामानों की मुंबई में नीलामी होगी। इसमें 14-कैरेट सोने की निब वाला शेफर पेन, एक कलाकृति और मोती के तीन विशिष्ट बटन का एक सेट शामिल है। 'नेशनल सेंटर फार परफार्मिंग आर्ट्स' ने सोमवार को बताया कि भाभा के माता-पिता ने उन्हें ये वस्तुएं उपहार में दी थीं। नीलामी 'एन इवनिंग विद द माइस्ट्रो' जमशेद भाभा थिएटर में 17 अगस्त को आयोजित की जाएगी। होमी भाभा द्वारा 1928 में बनाई गई पेंटिंग कला व विज्ञान के लिए उनके जुनून को दर्शाती है। भाभा द्वारा कैम्ब्रिज में बनाई गई 'मिक्स्ड मीडिया न्यूड स्टडी' वाली कलाकृति की भी नीलामी की जाएगी। इसकी नीलामी के लिए बोली एक लाख रुपये से शुरू होगी। डा. भाभा के माता-पिता द्वारा 1936 में दिए गए एक भावनात्मक पत्र के साथ मोती के तीन विशिष्ट बटन का एक सेट नीलामी में आकर्षण का केंद्र होगा।

### केजरीवाल की याचिका पर शीघ्र सुनवाई के संकेत



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली उनकी (मुख्यमंत्री) याचिका पर शीघ्र सुनवाई का सोमवार को संकेत दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने विचार करने का संकेत देते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी और चंद्र उदय सिंह से मामले से संबंधित एक अनुरोध ईमेल के जरिए भेजने को कहा। दोनों अधिवक्ताओं ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान केजरीवाल का पक्ष रखते हुये उनकी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध का अनुरोध किया था।

### राजपाल यादव की करोड़ों की प्रॉपर्टी कुर्क

**शाहजहांपुर।** बॉलीवुड फिल्मों में हंसाने-गुदगुदाने वाली भूमिकाओं के लिए चर्चित राजपाल यादव को बड़ा झटका लगा है। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में स्थित उनकी करोड़ों रुपए कीमत की संपत्ति को कुर्क कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोन की रकम नहीं चुका पाने की वजह से बैंक ने यह कार्रवाई की है। दरअसल शाहजहांपुर के बड़ा थाना क्षेत्र के मूल निवासी राजपाल यादव ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कंपलेक्स ब्रांच के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से काफी कर्ज लिया हुआ था।

## अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने देखे रक्षा उत्पादन में नवाचार



**नई दिल्ली।** अमेरिकी लघु व्यवसाय प्रशासन (एसबीए) की प्रशासक इसाबेल कैसिलस गुजमैन के नेतृत्व में एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा उत्पादन विभाग के 'रक्षा उत्कृष्टता-रक्षा नवाचार संगठन के लिए नवाचार' का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने आईआईटी दिल्ली में आईडेक्स-डिओ द्वारा आयोजित तकनीकी-प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

### सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में भगदड़, 7 लोगों की मौत



**जहानाबाद।** बिहार के जहानाबाद में सावन के चौथे सोमवार पर बड़ा हादसा हुआ। मखदुमपुर के बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में भगदड़ मचने से सात लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल भी हुए हैं। सावन की चौथे सोमवार पर बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। देखते ही देखते भगदड़ मच गई और लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है। घायलों को जहानाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भगदड़ के बाद लोग गिरने लगे और दम घुटने से कई लोगों की मौत हो गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने प्रशासन पर लाठीचार्ज का आरोप लगाया है, जिसके कारण भगदड़ मची।

**शंभू बॉर्डर को आंशिक रूप से खोलने का सुप्रीम आदेश, कोर्ट ने कहा...**

# हाईवे पार्किंग की जगह नहीं, दोनों साइड से एक-एक लेन खुली रखें

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर को आंशिक रूप से फिर से खोलने का आदेश दे दिया है। कोर्ट ने कहा कि हाईवे ट्रैक्टर, ट्रॉली, जेसीबी खड़ी करने की जगह नहीं हैं। यह बॉर्डर छह महीने से बंद था क्योंकि किसान अपनी मांगें पूरी होने तक वहां से हटने को तैयार नहीं थे। जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस उज्ज्वल भुयान की पीठ ने एंबुलेंस, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, छात्रों आदि के लिए हाइवे खोलने के आदेश दिया। अदालत ने कहा कि दोनों साइड से एक-एक लेन खुलेगी। साथ ही कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा के पुलिस अफसरों को एक हफ्ते में बैठक कर बोर्डर खोलने के तौरतरीके (मॉडलिटी) तय करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट अगली सुनवाई 22 अगस्त को करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के शंभू बॉर्डर खुलवाने के आदेश के खिलाफ हरियाणा की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। ज्ञात रहे कि यह बॉर्डर 13 फरवरी से बंद था क्योंकि पंजाब के कई किसान संगठनों ने फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत कई मांगों के समर्थन में दिल्ली की ओर मार्च शुरू किया था। शंभू बॉर्डर मामले के निपटारे के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा कमेटी गठित करने संबंधी आदेश पर हरियाणा सरकार ने छह और पंजाब एक नाम सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को दे दिया हैं। पंजाब सरकार ने GNDU के प्रोफेसर रंजीत सिंह घुम्मन को इस कमेटी में शामिल किए जाने की सिफारिश की है।



### बहुत अहम है यह हाईवे

बॉर्डर बंद होने की वजह से आम लोगों को बहुत परेशानी हो रही है क्योंकि एनएच 44 को इस इलाके की जीवन रेखा माना जाता है। यह नई दिल्ली को पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से जोड़ता है। अब तक सुप्रीम कोर्ट इस मामले की दो बार सुनवाई कर चुका है, एक 24 जुलाई और दूसरी 2 अगस्त को हुई थी।

### रास्ता खुलते ही किसान करेंगे दिल्ली कूच

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि अगर किसानों की मानी मांग जल्द लागू न की, तो रास्ते खुलने पर किसान अपने ट्रैक्टर-ट्रालियों के साथ दिल्ली कूच करेंगे। ट्रैक्टर-ट्रॉलियां किसानों का दूसरा घर है, जो उन्हें गर्मी, सर्दी व बारिश से बचाती हैं। इन्हीं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में किसान अपनी हर जरूरत का सामान लेकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि किसान पहले से ही चाहते थे कि शंभू बॉर्डर खुले। रास्ता बंद होने से व्यापारियों व ट्रांसपोर्टरों को जहां करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा था, आम जनता को आने-जाने में परेशानी हो रही थी।

**दिल्ली हाई कोर्ट का अहम फैसला**

## महिलाओं पर भी चल सकता है पॉक्सो एक्ट के तहत केस

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत एक बड़ा फैसला दिया है। अदालत ने कहा है कि एक महिला को भी बच्चे पर पेनीट्रेटिव यौन हमले के लिए पॉक्सो अधिनियम के तहत आपराधिक कार्यवाही का सामना करना पड़ सकता है। अदालत ने अपने फैसले में साफ कर दिया कि पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध के लिए अदालती कार्यवाही केवल पुरुषों तक ही सीमित नहीं है।

न्यायाधीश अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि पॉक्सो अधिनियम बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए बनाया गया था। भले ही अपराध किसी पुरुष ने किया हो या महिला महिला ने, यह कानून सब पर लागू होता है। ऐसे में कोई कारण नहीं है कि धारा-3 (पेनीट्रेटिव सेक्सुअल असॉल्ट) में प्रयुक्त शब्द 'व्यक्ति' को केवल पुरुष तक सीमित मान लिया जाए। हाईकोर्ट ने कहा कि कोई वजह नहीं है कि पॉक्सो एक्ट की धारा-तीन में उल्लिखित 'व्यक्ति' शब्द को केवल पुरुष के संदर्भ में पढ़ा जाए। पॉक्सो अधिनियम की धारा-तीन और पांच (गंभीर पेनीट्रेटिव यौन हमला) में उल्लिखित कृत्य अपराधी की लैंगिक स्थिति की परवाह किए बिना अपराध हैं। भले ही ऐसा अपराध महिला ने किसी बच्चे पर क्यों ना किया हो।



**लेखकों-शिक्षाविदों ने खुला लिखा पत्र**

## संसद करे हिंदुओं पर हमले की निंदा, प्रस्ताव पारित हो

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लेखकों, शिक्षाविदों और नागरिक समाज के प्रतिष्ठित लोगों के एक समूह ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए एक खुला पत्र लिखा है। उन्होंने भारतीय संसद से सांप्रदायिक हिंसा की निंदा करते हुए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया है। पत्र में कहा गया है कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा बढ़ने की वे बहुत चिंतित हैं। पत्र में लेखक अमीश त्रिपाठी, अश्विन सांघी, अभिषेक बनर्जी, राजीव मंत्री, स्मिता बरुआ और सुप्रीम कोर्ट के वकील जे.साई दीपक शामिल हैं। पत्र में उन्होंने कहा, हाल के दिनों में हमने बेहद परेशान करने वाली घटनाएं देखी हैं, जिसमें मेहरपुर में इस्कॉन केंद्र को जलाना, देशभर में कई हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ और हिंदुओं की पीट-पीटकर हत्या जश्न मनाते हुए दंगाइयों को दिखाने वाले वीडियो का प्रसार शामिल है।




### हमले अस्वीकार्य: प्रियंका गांधी

दूसरी ओर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरों पर चिंता प्रकट की और उम्मीद जताई कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार हिंदू, ईसाई और बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं।

**इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा...**

## अब भी काम कर रहा है चंद्रयान-3

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक लैंडिंग को 1 साल पूरा होने जा रहा है। इसी बीच, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन(इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा है कि कि अब भी चंद्रयान-3 का ऑर्बिटर काम कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि चंद्रयान-4 की डिजाइन का काम भी पूरा हो गया है। ज्ञात रहे कि प्रज्ञान रोवर और विक्रम लैंडर (चंद्रयान-3) ने लंबी नींद में जाने से पहले कई अहम जानकारियां पृथ्वी पर भेजी थीं।

चंद्रयान-3 ने 14 जुलाई को लॉन्च होने के बाद एक महीने से ज्यादा लंबी यात्रा की और 23 अगस्त को चांद की सतह पर लैंड हो गया था। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सोमनाथ ने बताया कि चंद्रयान-4 को 2028 तक लॉन्च करने की तैयारी है। इस मिशन के तहत चंद्रमा पर जाकर वहां से सैंपल जुटाकर वापस आना है। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग में अब तक सिर्फ चार ही देश सफलता प्राप्त कर सके हैं। चंद्रयान-3 के बाद इस सूची में भारत का नाम भी शामिल हो गया था। इससे पहले यह उपलब्धि अमेरिका, रूस और चीन के नाम ही दर्ज थी। जिस स्थान पर चंद्रयान-3 ने लैंडिंग की थी, उसका नाम शिव शक्ति पॉइंट रखा गया था। भारत इससे पहले चंद्रयान-2 के जरिए भी लैंडिंग की कोशिश कर चुका था, लेकिन पूरी तरह सफलता नहीं मिल सकी थी।



**डॉक्टर से रेप व हत्या का मामला**

# रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर रहे, ओपीडी सेवाएं बाधित

■ 7 दिन में खुलासा नहीं हुआ तो CBI जांच: ममता

**एजेंसी** | नई दिल्ली/कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर सोमवार को देशभर के 3 लाख रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली समेत देशभर के सभी सरकारी अस्पतालों में सोमवार को ओपीडी सेवाएं प्रभावित हुई । इमरजेंसी सेवाएं चालू रखी गई। हड़ताल का आह्वान फेडरेशन आफ आल इंडिया रेजिडेंट डाक्टर एसोसिएशन ने किया है। इस बीच, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को पुलिस से कहा कि अगर सात दिन में मामले का खुलासा नहीं किया गया तो जांच सीबीआई को सौंप दी जाएगी। दूसरी ओर, इस मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने सीएम ममता बनर्जी से पूछा है कि कहा कि आखिर उन्होंने ने पुलिस को सात दिन का समय क्यों दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, उनका प्रदर्शन लगातार जारी रहेगी।



### अन्य लोगों के शामिल होने की जांच

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस विभिन्न फुटेज आदि की जांच कर यह जानने की कोशिश कर रही है कि घटना के समय आरोपी अकेला था या उसके साथ अन्य लोग भी थे? मृतक के शव के शुरुआती अवलोकन से यह बात पुख्ता हो गई है कि अकेले पीड़ित के लिए घटना को अंजाम देना मुश्किल है। पुलिस उस मामले पर भी गौर कर रही है। शुरुआती पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि मृतक महिला डॉक्टर के मुंह और दोनों आंखों पर था। गुप्तांगों पर खून के निशान और चेहरे पर नाखून के निशान पाए गए। होठ, गर्दन, पेट, बाएं टखने और दाहिने हाथ की उंगली पर चोट के निशान थे।

### आरोपी से पूछताछ

इस बीच, पुलिस इस मामले में गिरफ्तार सिविक वॉलंटियर से पुलिस हिरासत में लगातार पूछताछ हो रही है। साथ ही, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का भी विश्लेषण जारी है। उल्लेखीय है कि घटना के बाद शुरुआती पोस्टमार्टम रिपोर्ट के हवाले से दावा किया गया था कि मृतका की 'पेलविक हड्डी' और 'कॉलर की हड्डी' टूटी हुई पाई गई थी।

**मसौदा लीक होने के आरोपों के बाद उठाया कदम**

## केंद्र ने ब्रॉडकास्टिंग सर्विस विधेयक वापस लिया

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने ब्रॉडकास्टिंग सर्विस बिल 2024 वापस ले लिया है और कहा है कि सभी हितधारकों (स्टेकहोल्डर्स) के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद प्रसारण सेवा विनियमन विधेयक का नया मसौदा जारी किया जाएगा। सरकार ने इस ड्राफ्ट बिल के लिए 15 अक्टूबर तक सुझाव मांगे हैं। यह बिल विपक्ष के निशाने पर आ गया था क्योंकि विपक्ष ने आरोप लगाया था कि बिल का संशोधित मसौदा संसद के पटल पर रखे जाने से पहले ही कुछ चुनिंदा हितधारकों के बीच 'गुप्त रूप से' लीक कर दिया गया था। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस बिल के ड्राफ्ट पर सार्वजनिक टिप्पणी की अंतिम तिथि 10 नवंबर, 2023 थी। बाद में सरकार ने बिल का दूसरा ड्राफ्ट इस साल जुलाई में तैयार किया था। अब मंत्रालय ने कहा है कि 15 अक्तूबर, 2024 तक लोग इस मसौदा बिल पर अपने सुझाव दे सकेंगे। मंत्रालय ने कहा है कि विस्तृत परामर्श के बाद एक नया मसौदा प्रकाशित किया जाएगा। फिलहाल टिप्पणियाँ और सुझाव मांगने के लिए अतिरिक्त समय दिया जा रहा है।

ज्ञात रहे कि डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स और इंडिविजुअल कॉन्टेंट क्रिएटर्स भी इस बिल का विरोध कर रहे थे।

## सावन श्रृंगार कार्यक्रम में गायन, वादन और नृत्य का दिखा अद्भुत संगम

# 'ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी...' पर भीग गए नैन





बेधड़क | जयपुर

सावनी फुहारों के बीच जयपुराइट्स को गायन, वादन और नृत्य का संगम भा गया। कला प्रेमियों ने बारिश की बूंदों के बीच उभरकर आ रहे संगीत को जहन तक महसूस किया और देर तक कला की बानगी के लिए लालाइत रहे। अनूठा नजारा था जवाहर कला केन्द्र की ओर से सावन श्रृंगार के तहत आयोजित कार्यक्रम में सोमवार को गायन, वादन और नृत्य के संगम का। केन्द्र की ओर से स्वतंत्रता दिवस को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान संगीत संस्थान ने विभिन्न प्रस्तुतियां दीं।



### गीतों में भारत के वैभव का गुणगान

बरसते मेघ भी कलाकारों और कला प्रेमियों का उत्साह कम नहीं कर पाए। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में कला रसिकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। स्वागत उद्बोधन के बाद कार्यक्रम का आगाज हुआ। वन्दे मातरम गीत की प्रस्तुति में भारत के वैभव का गुणगान शुरू किया। इसके बाद 'तन समर्पित, मन समर्पित' गीत गाकर राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव व्यक्त किया। 'चल चल रे नौजवान' गीत का सामूहिक गायन किया गया।

### भवई नृत्य ने किया रोमांचित

गायन के बाद जब बाद नृत्य की आई तो भवई नृत्य की प्रस्तुति ने सभी को राजस्थान के रंग से रंग दिया। ताल वाद्य कचहरी में कलाकारों ने हुनर दर्शाया तो दर्शकों ने तालियों से खड़े होकर उनको उत्साह बढ़ाया। डांसर्स के समूह ने मधुर आवाज में 'ऐ मेरे वतन के लोगों' गीत गाकर सभी की आंखें नम कर दी। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर भारत मां की जय के नारों से पूरा माहौल गूंजामय हो गया। युवाओं की प्रस्तुतियों ने वहां मौजूद हर किसी में देश भक्ति की भावना को जागृत करने का काम किया। कार्यक्रम के जरिए स्वतंत्रता दिवस से पहले ही शहर में देश भक्ति का जोरदार माहौल बना।

## सवा लाख बिल्वपत्रों की झांकी



**बेधड़क. जयपुर।** श्री खोले के हनुमान मंदिर परिसर में स्थित आनन्देश्वर महादेव मंदिर में रविवार शाम को सवा लाख बिल्वपत्रों से मनोरम झांकी सजाई गई। प्रातः 10.00 बजे से भक्तों द्वारा बिल्वपत्र का अर्पण प्रारम्भ किया गया, जो सोमवार प्रातः 11.00 बजे तक निरन्तर चलता रहा। श्री खोले के हनुमान जी के फल की झांकी एवं हनुमान जी महाराज को चांदी की पौशाक धारण कराई गई। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि मंदिर परिसर में सोमवार को आनन्देश्वर महादेव मंदिर में सवा लाख बिल्वपत्रों से मनोरम झांकी सजाई गई एवं महा आरती की गई। इसके साथ ही रामदरबार, हनुमानजी व चौबे जी की समाधि स्थल को फूल बंगला झांकी सजाई गई। सवा लाख बिल्वपत्रों की झांकी का श्रद्धालु देर रात तक दर्शन लाभ प्राप्त करते रहे।

## जैन का किया सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** जैन बैंकर्स रत्न शांतिलाल जैन-प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंडियन बैंक व डिप्टी चेयरमैन आईबीए ने सपत्नीक कीर्तिनगर जैन मंदिर में मुनिराज समत्व सागर महाराज को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर जैन बैंकर्स फोरम से अध्यक्ष भागचंद जैन, कार्याध्यक्ष पदम बिलाला, संरक्षक प्रदीप जैन लाला, संयोजक सुकेश काला, नवीन जैन, धर्म चंद जैन आदि ने शांति लाल जैन का माला, दुपट्टा, शाल व साफा पहनाकर स्वागत किया।

## आर्यनंदी स्मारक का शिलान्यास



**बेधड़क. जयपुर।** श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर (आर्यनंदीनगर) ढोरकिन में श्रीशांतिनाथ भगवान जिन मंदिर जीर्णोद्धार आचार्श्री आर्यनंदिजी गुरुदेव के स्मारक व निवास का भूमिपूजन व शिलान्यास समारोह प्रज्ञायोगी दिगंबर जैनाचार्य गुप्तीनंदिजी गुरुदेव ससंघ के सान्निध्य में हुआ। आचार्य गुप्तिनंदी गुरुदेव ने सकल जैन समाज का आव्हान किया कि आओ हम सभी उन आचार्य को कृतज्ञता ज्ञापन करें जिन्होंने मंदिरों की रक्षा के लिए 1 करोड़ रुपए इकट्ठा किया।

# City इवेंट्स

## जयपुर के अर्पित का मुंबई में सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के अर्पित काला को हाल ही में मुंबई में आयोजित दुनिया के दूसरे सबसे बड़े जेम्स और ज्वैलरी शो इंडिया इंटरनेशनल ज्वैलरी शो (IIJS प्रीमियर-2024) के 40वें संस्करण में 'द ब्राइट टैलेंट्स इन 40 अंडर 40' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें अवॉर्ड जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल द्वारा ज्वैलरी इंडस्ट्री पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए प्रदान किया गया। अर्पित काला इंडियन ज्वैलर मैग्जीन के एसोसिएट एडिटर और कोट्योर इंडिया ज्वैलरी शो के आयोजक हैं। उन्होंने वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के सचिन जैन और इंडिया इंटरनेशनल ज्वैलरी शो मुंबई के संयोजक नीरव भंसाली द्वारा सम्मान प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जयपुर के रत्न और आभूषण देश में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं। हम निरंतर विकास कर रहे हैं और कई सकारात्मक बदलावों के साथ हम ऐसे ही आगे बढ़ते रहेंगे।'

## JKK में गूंजेंगे वतन के तराने

**बेधड़क. जयपुर।** देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम 'हम गीत वतन के गाएंगे' मंगलवार को जवाहर कला केन्द्र में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक प्रोमिला राजीव ने बताया कि ये कार्यक्रम की 21वीं वार्षिक कड़ी है। कार्यक्रम में संगीत गुरु राजीव भट्ट के निर्देशन में शहर के 60 युवा व वरिष्ठ कलाकार देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे। कालजयी रचना 'वंदेमातरम' को राजीव भट्ट ने राग शंकरा, यमन और हंसध्वनि के स्वरों से नई अनुभूतियों में ढालकर तैयार किया है, जिसे 60 कलाकार एक साथ मंच पर प्रस्तुत करेंगे। इसमें पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## 'दर्पण' में सजा रचनात्मक संसार



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में 'दर्पण-2024' डिजाइन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रोफेसर (डॉ.) मधुरा यादव ने दर्पण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में युवाओं के उत्कृष्ट रचनात्मक कार्यों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि आर्किटेक्ट तुषार सोगानी प्रमुख वास्तुकार टीडीएसपीएल और आई आई ए राजस्थान चैप्टर अध्यक्ष द्वारा किया गया। डॉ. जवाहर मल जांगिड़ कार्यक्रम के अतिथि रहे। प्रदर्शनी का उद्देश्य युवा डिजाइनरों और आर्किटेक्ट्स की रचनात्मक संभावनाओं को उजागर करना था। साथ ही अकादमिक क्षेत्र और व्यापक डिजाइन समुदाय के बीच सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। डॉ. एनएन शर्मा ने युवाओं के प्रयासों की सराहना की और डॉ. नीतू भटनागर ने भविष्य में ऐसे और प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया।

## रवीन्द्र मंच के मिनी थिएटर में नाटक का मंचन

# कोरे भ्रम में जीने लगा तो उसकी जिंदगी बन गई 'अजीब दास्तां'



बेधड़क | जयपुर

कलाकारों ने दार्शनिक नीत्शे और ओशो के बयान और टिप्पणियों पर आधारित नाटक में मानवीय मानसिक भ्रम सम्बन्धी विकार दर्शाए तो दर्शक भी रोमांचित हो गए। मौका था रवींद्र मंच पर नाटक एक अजीब दास्तां के मंचन का। नाटक में भ्रम से ग्रसित एक व्यक्ति को लगता है कि उसने ईश्वर की हत्या कर दी है। इस पर वास्तविक अदालत में हत्या का केस चलता है। वहां उस तथाकथित अपराधी को वकील अपनी दलीलों से अहसास कराते हैं कि यह उसका कोरा भ्रम है। नाटक में पैरानॉयड डिस ऑर्डर नामक बीमारी को उजागर किया गया, जिससे दर्शकों को कई मैसेज भी मिले। जज की भूमिका में मनीषा अग्रवाल, वकील की भूमिका में गौरव खंडेलवाल व महेश महावर ने आरोपी की भूमिका में सशक्त अभिनय किया। नाटक से पूर्व ईश वंदना में नवोदित कलाकार अंशुल सैनी व दीक्षित साहु ने शिव तांडव स्तोत्रम का वाचन किया। मेकअप नरेन्द्र बबल, प्रकाश संचालन अमन जोरावर,वेश-भूषा चन्द्र किरण का रहा। बतौर सहायक निर्देशक का कार्य पूर्णिमा जैन ने संभाला।

बॉस्की के कप्तान चाचा' का मंचन आज : जवाहर कला केन्द्र की ओर से विरासत से विकास कार्यक्रम के हिस्से के रूप में मंगलवार को संवाद प्रवाह का आयोजन होगा। 'क्लासिक अमंग ट्रेंड्स टाइमिंग' विषय पर 3 से 4 बजे तक अलंकार गैलरी में चर्चा की जाएगी। आर्ट एक्सपर्ट गोविंद जोगी और आशीष जैन विचार रखेंगे। दूसरी ओर स्वतंत्रता दिवस को ध्यान में रखते हुए विशेष नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत नाटक 'बॉस्की के कप्तान चाचा' का मंचन होगा।

## श्रावण के चौथे सोमवार मंदिरों में उमड़े भक्त

# तीर्थों के पवित्र जल, दूध-पानी पंचामृत से भोले का अभिषेक

बेधड़क | जयपुर

पवित्र श्रावण मास के चौथे सोमवार को सुबह से ही शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगना शुरू हुई जो शाम को पट बंद होने तक लगी रही। दिनभर भक्तों ने भोलेनाथ का श्रद्धा के साथ दूध, पानी और पंचामृत से अभिषेक और पूजन किया।

इस दौरान शिवालय भोलेनाथ के जयकारों से गूंजते रहे। कावड़िए भी बोल बम ताड़क बम के जयकारों के साथ गलता से पवित्र तीर्थ जल लेकर मंदिरों में पहुंचे और भोलेनाथ का अभिषेक किया। सोडाला नंदपुरी स्थित श्रीसिद्धेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में पवित्र श्रावण मास के चौथे सोमवार को हरिद्वार से लाए गए गंगाजल सहित पवित्र तीर्थ स्थानों से लाए गए गंगाजल और दिव्य औषधियों से भगवान शिव का महाभिषेक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक पंकज ओझा व गब्बर कटारा ने बताया कि अवधेश दास के सान्निध्य में सुबह 5 से दोपहर 2 बजे तक कार्यक्रम हुआ। श्रावण मास का चतुर्थ सोमवार हिन्दू धर्म में एक अत्यंत महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। इस दिन शिव उपासना करने से उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। शिव भक्तों के लिए यह दिन अलौकिक महत्व रखता है, क्योंकि इस दिन किए गए शिव अभिषेक और आराधना से भगवान शिव अपने भक्तों पर अपार कृपा बरसाकर उनके सभी दुःख-दर्द हर लेते हैं।



**पार्श्वनाथ पुराण का वाचन** | **मीरामार्ग के आदिनाथ भवन पर उमड़े श्रद्धालु**

# रक्षाबंधन तक होंगे सम्मेद शिखर की झांकी के दर्शन

बेधड़क | जयपुर

मीरामार्ग के आदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में सम्मेद शिखरजी की सजीव रचना की गई। तीर्थराज की झांकी को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उमड़े। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया व मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि तीर्थराज सम्मेद शिखर की रचना के पुण्यार्जक कुशल-मधु ठोलिया हैं।

झांकी रक्षा बंधन सोमवार तक रहेगी, जिसके दर्शन भक्त कर सकते हैं। वहीं अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर ने मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण का वाचन किया। इसमें जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के वज्रनाभि भव के बारे में बताया। शुभम भैया व संगीतकार नरेन्द्र जैन के निर्देशन में आचार्य विद्यासागर की संगीतमय पूजा की गई। आचार्य समय सागर महाराज और मुनि प्रणम्य सागर महाराज का अर्घ्य चढ़ाया।



### अर्हं स्वात्म साधना शिविर आज से

समिति के कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट राजेश काला व अशोक गोधा ने बताया कि मीरामार्ग के श्रीआदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर ससंघ के सानिध्य में मंगलवार को श्रीपार्श्वनाथ कथा का संगीतमय आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर आचार्य विद्यासागर की पूजा व मुनि प्रणम्य सागर के मंगल प्रवचन होंगे। मंगलवार को ही पांच दिवसीय अर्हं स्वात्म साधना शिविर का आयोजन किया भी होगा, जिसमें क्षणिक और सदैव व्यस्त जीवन व क्षण भंगुरता में कुछ क्षण स्वयं के लिए निकालने के उपाय बताए जाएंगे। शिविर में जयपुर सहित पूरे देश से बड़ी संख्या में जैन बन्धु शामिल होंगे।

### सौभाग्य दशमी पर होंगे विशेष आयोजन

जैन महिलाओं की ओर से गुरुवार को सौभाग्य दशमी मनाई जाएगी। जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन होंगे। राजस्थान जैन युवा महासभा प्रदेश महामंत्री विनोद जैन ने बताया कि इसे सुहाग दशमी भी बोलते हैं। इस दिन महिलाओं द्वारा पति की लम्बी उम्र व स्वस्थ रहने और खुशहाली की कामना करते हुए उपवास किया जाएगा। दिगम्बर जैन मंदिरों में सौभाग्य दशमी व्रत की पूजा होगी। साथ ही जैन धर्म के 11वें तीर्थंकर भगवान श्रेयांसनाथ का मोक्ष कल्याणक सोमवार को रक्षा बंधन के दिन मनाया जाएगा।

धर्म का काम किसी का मत बदलना नहीं, बल्कि मन बदलना है। एक व्यक्ति इसके आधार पर सही रास्ते में चल सकता है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



बांग्लादेश की नई सरकार ने प्रदर्शनकारियों की तरफ तरेरी आंखें, कहा -

# हथियार वापस करो, नहीं तो अंजाम भुगतने को रहो तैयार

■ सभी अवैध हथियार नजदीकी थाने में जमा कराने को दिया अल्टीमेटम



**एजेंसी । ढाका**
बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने हिंसा और अपराध को संभालने के लिए अब कानून व्यवस्था को कड़ा करना शुरू कर दिया है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि जिस किसी के पास भी अवैध हथियार हों वह जल्द से जल्द उसे नजदीकी पुलिस थानों में जमा करा दे। अगर ऐसा नहीं होता है तो हथियार रखने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकार जिन हथियारों को वापस करने की बात कर रही है उनमें वो राइफलें भी शामिल हैं, जो प्रदर्शनकारियों ने हिंसा के दौरान पुलिस थानों से लूटीं थीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अंतरिम सरकार में गृह मामलों के सलाहकार रिटायर्ड ब्रिगेडियर जनरल हुसैन ने सोमवार को कहा कि प्रदर्शनकारी जल्दी से जल्दी अवैध हथियारों को जमा करा दें। अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो पुलिस तलाशी लेगी और अगर तब उनके घरों में से यह हथियार बरामद होते हैं तो फिर उनके खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा और कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

### पाक की हार के प्रतीक स्मारक को तोड़ा

बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने 1971 की जंग से जुड़े राष्ट्रीय स्मारक को तोड़ दिया। मुजीबनगर में स्थित यह स्मारक भारत-मुक्तिवाहिनी सेना की जीत और पाकिस्तानी सेना की हार का प्रतीक था। 16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान के लेफ्टिनेंट जनरल एएके नियाजी ने हजारों सैनिकों के साथ भारतीय सेना के सामने सरेंडर किया था। भारतीय सेना के ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट-जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने उन्होंने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे। इस स्मारक में उसी की छवि को दर्शाया गया है।

### मीडिया पर टिप्पणी पर सफाई

इससे पहले कल भ्रामक खबरों को चलाने पर मीडिया संस्थानों को बंद करवाने की धमकी देने वाले हुसैन ने कहा कि वह मैंने गुस्से में कहा था। यह मेरा काम नहीं है, मैं किसी भी मीडिया संस्थान को बंद करवाने का समर्थन नहीं करता हूं। बांग्लादेश में छात्रों के प्रदर्शन के बाद सालों से सत्ता में बैठीं शेख हसीना को पीएम पद से इस्तीफा देकर भारत जाना पड़ा था, जिसके बाद सेना के सहयोग से छात्रों ने अंतरिम सरकार का गठन करवाया। इस सरकार का नेतृत्व नोबल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस कर रहे हैं।



### नए चीफ जस्टिस ने आते ही दिखाए तेवर

बांग्लादेश में शेख हसीना के देश छोड़कर भागने के तुरंत बाद ही मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार का नेतृत्व करना शुरू कर दिया है। नई सरकार का कहना है कि बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन के बीच हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। चार सप्ताह में 42 पुलिसकर्मियों समेत 500 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच शनिवार को सैयद रेफात अहमद ने देश में नए प्रधान न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभाला। नवनियुक्त प्रधान न्यायाधीश रेफात अहमद ने आते ही अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि न्यायपालिका का कोई भी व्यक्ति किसी 'गलत काम' में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि न्याय के बजाय लंबे समय से चली आ रही दमन की नीति अब समाप्त हो चुकी है।'

### छात्र संभाल रहे ट्रैफिक

सत्ता परिवर्तन के साथ ढाका की सड़कों पर भी बदलाव देखने को मिले। कल तक प्रदर्शन कर रहे लोग अब ट्रैफिक संभालते दिखे तो वहीं कई दीवारों पर हसीना विरोधी लेख दिखे। एक हफ्ते बाद भी ढाका में अराजकता के संकेत मिलते हैं। अंतरिम सरकार के शपथ लेने के बाद ढाका की दीवारों पर संदेश भी बदल गए हैं । लोग कहते हैं, ढाका में ये दिन वास्तव में युग परिवर्तन का प्रतीक हैं।

इजराइल के खौफ से हिजबुल्लाह ने बदले ठिकाने

# बेरूत से भागे लड़ाके

**एजेंसी** | बेरूत

हमास लीडर पर इजराइल के हमले के बाद अब ईरान और इजराइल के बीच जंग के आसार नजर आ रहे हैं। वहीं इजराइल ने हाल ही में लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर भी हमला कर हिजबुल्लाह कमांडर फाउद शुकर को मार गिराया था। अब खबर है कि हिजबुल्लाह बेरूत के ठिकानों को खाली कर रही है।

लेबनानी मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक हिजबुल्लाह ने बेरूत के दहिह में स्थित अपने हेडक्वार्टर को पूरी तरह से खाली कर दिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इजराइली हमलों की आशंका में हिजबुल्लाह अपने वरिष्ठ लड़कों को बेरूत से दूर सुरक्षित जगहों पर ले जाना चाहता है। हालांकि एक लेबनानी न्यूज आउटलेट की रिपोर्ट है कि हिजबुल्लाह अपने राजनीतिक विंग सहित अपने पूरे ऑपरेशन को बेरूत से बाहर ले जा चुकी है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब हिजबुल्लाह ने शुकर की हत्या के लिए इजराइल को कीमत चुकाने की धमकी दी है। हिजबुल्लाह संकट की घड़ी के लिए खुद को तैयार कर रहा है।

### ईरान बोल सकता है हमला, अलर्ट जारी

इस बीच लेबनानी संसद के अध्यक्ष और हिजबुल्लाह के कट्टर समर्थक नबीह बेरी ने इजराइल पर ईरान और हिजबुल्लाह के हमले की आशंका के बारे में कहा है कि "बदला एक ऐसा व्यंजन है जिसे ठंडा करके परोसा जाना चाहिए।" इससे कयास लग रहे हैं कि गुरुवार तक ईरान हमला बोल सकता है। इसी के चलते इजरायल ने अलर्ट जारी किया है और नागरिकों से कहा है कि वे सतर्क रहें और गैर-जरूरी यात्राएं न करें। शुरुआत में रिपोर्ट्स थी कि ईरान की ओर से भीषण हमला हो सकता है। अब फिर से ऐसी ही चर्चाएं तेज हैं। कुछ दिन पहले खबरें थीं कि इजरायल अब बदले का जिम्मा हिजबुल्लाह को दे सकता है।



### अमेरिका ने मिडिल ईस्ट भेजा एयरक्राफ्ट कॅरिअर

अमेरिकी ने मिडिल ईस्ट में एयर क्राफ्ट कैरियर भेजा है। डिफेंस सेक्रेटरी जनरल लॉयड ऑस्टिन ने एयरक्राफ्ट कैरियर अब्राहम लिंकन, तीसरे कैरियर स्ट्राइक ग्रुप गुआम से भूमध्यसागर की ओर तेजी से रवान होने के निर्देश दिए हैंप् इसके अलावा उन्होंने ओहायो क्लास गाइडेड मिसाइल सबमरीन यूएसएस जॉर्जिया को भूमध्यसागर की ओर भेजा है।

रूस के 30KM अंदर यूक्रेन का अटैक

# पुतिन पर जेलेंस्की पड़ने लगे भारी

**एजेंसी** | मॉस्को/कीव

यूक्रेन की सेना रूस में 30 किलोमीटर अंदर तक घुस गई है। यह दावा खुद रूस ने किया है। रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक क्रुस्क इलाके में पिछले 6 दिनों से यूक्रेन की सेना से भीषण जंग चल रही है।

पिछले हफ्ते ही टैंक और तोपखाने से लैस करीब 1000 यूक्रेनी सैनिक इस इलाके में घुस गए थे और स्थानीय गांवों पर कब्जा कर रहे हैं। रूस अब इनसे निपटने के लिए और सैनिक भेज रहा है। उधर, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 11 अगस्त की रात पहली बार अपने देश को संबोधित किया और स्वीकार किया कि यूक्रेन की सेना, रूस के अंदरूनी इलाके में तेजी से आगे बढ़ रही है।



### जहां से रूस ने किए अटैक, वहीं दिया जवाब

जेलेंस्की ने कहा कि हाल के दिनों में रूस इसी क्रुस्क इलाके से यूक्रेन पर हमले कर रहा था और करीबन 2000 अटैक किए थे। इसलिए जवाबी कार्रवाई की जा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन की सेना क्रुस्क में काफी अंदर तक घुस गई है। रूस के उन ठिकानों को भी निशाना बना रही है, जहां हथियार, गोला बारूद और बम रखे गए थे। यूक्रेन, जिस तरीके से रूसी सीमा में घुसकर ऑफेंसिव लड़ाई लड़ रहा है उससे तमाम रक्षा विशेषज्ञ भी चौंक गए हैं।

### कैसे यूक्रेन ने पलटी बाजी!

करीब ढाई साल पहले, फरवरी 2022 में जब रूस और यूक्रेन की लड़ाई शुरू हुई थी, तब यह एकतरफा मानी जा रही थी। रूस का पलड़ा भारी था। सेना से लेकर हथियार के मामले में यूक्रेन उसके आगे कहीं नहीं ठहरता, लेकिन अब यूक्रेन का पलड़ा भारी नजर आने लगा है। विदेश की एक रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन की सेना की सबसे बड़ी ताकत उसके ड्रोन बनकर उभरे हैं. पिछले दिनों यूक्रेन ने ड्रोन से ही रूस की सीमा में 300 किलोमीटर अंदर लिपियस्क एयरबेस पर हमला किया।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl